गैरसैंण, शुक्रवार
5 जनवरी 2024
वर्ष: 14
अंक: 233 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार
www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर उत्तराखंड में भी तैयारियां तेज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर उत्तराखंड में भी तैयारियां तेज हो गयी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए हैं कि उत्तरायणी पर होने वाले कार्यक्रमों को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की थीम पर आयोजित किया जाएगा। साथ ही लोगों से अपील की है कि वे दीपोत्सव के साथ ही विभिन्न आयोजन इस अवधि में करें।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। देवभूमि उत्तराखंड के लोगों में भी इस समारोह को लेकर विशेष उमंग एवं ऊर्जा का माहौल है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि उत्तरायणी को इस बार अयोध्या समारोह की थीम पर आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने लोगों से प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर घरों में दीपोत्सव करें। साथ ही इस अवधि में कलश यात्राओं के अलावा राम कथा आयोजित करने के साथ ही प्रमुख नदियों के घाटों की साफ-सफाई का अभियान चलाया जाए।

# राज्य के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना प्राथमिकता : धामी

## अफसर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए करारों की ग्राउंडिंग में तेजी लाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को सचिवालय में उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड इन्वेस्टर्स समिट के तहत हुए करारों की ग्राउंडिंग के लिए और तेजी से कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड के तहत हुए करारों की ग्राउंडिंग के लिए संबंधित विभागों द्वारा किये गये कार्यों का प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पूरा ब्योरा देने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये। उन्होंने कहा कि औद्योगिक संस्थानों में राज्य के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर मिल सके, इसके लिए रोजगार मेलों के आयोजन किये जाएं।मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नई नीतियों और जिन नीतियों में संसोधन की आवश्यकता है, उनका प्रस्ताव जल्द लाया जाए। उन्होंने अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल पार्क, काशीपुर में बनने वाले इलेक्ट्रोनिक पार्क, सितारगंज में बनने वाले प्लास्टिक पार्क के लिए राज्य स्तर से होने वाली कार्यवाही को



**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए।**

शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। राज्य में रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई आई.टी. पॉलिसी को भी जल्द लाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। निर्यात संवर्द्धन के लिए डेडिकेटेड सेल बनाने के साथ देहरादून-ऋषिकेश में कन्वेंशन सेंटर की स्थापना के लिए भी शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। बैठक में जानकारी दी गई कि उद्योग विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 13640 करोड़ के निवेश का लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक 28800 करोड़ का निवेश की ग्राउडिंग की जा चुकी है। इस वित्तीय वर्ष में अभी तक निवेश की ग्राउडिंग में 250 प्रतिशत वृद्धि हो चुकी है। मार्च 2024 तक 17200 करोड़ के और निवेश प्रस्तावों की ग्राउंडिंग का लक्ष्य है। जबकि 46 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य भी पूर्ण किया जा चुका है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के तहत राज्य में 215 यूनिट का रजिस्ट्रेशन हुआ है। जिसमें 5-5 गोल्ड और सिल्वर तथा 205 ब्रांज सेर्टिफिकेशन शामिल हैं। राज्य में 6180 एकड़ का लैंड बैंक बनाया गया है। राज्य में जिन परियोजनाओं पर कार्यवाही गतिमान है, उनमें एरोमा पार्क काशीपुर, प्लास्टिक पार्क सिंतारगंज, इलेक्ट्रोनिक पार्क काशीपुर, फूड पार्क कोटद्वार के निर्माण का कार्य गतिमान हैं। इसके साथ ही हरिद्वार में 200 करोड़ की लागत से 5 लाख स्क्वायर फीट में फ्लेटेड फैक्ट्री का निर्माण, पंतनगर और हरिद्वार में रेन्ट बेस एकमोडेशन के लिए 60 करोड़ की लागत 2 एकड़ में भवन निर्माण किया जायेगा। निवेशकों की सुविधाओं के लिए उद्योग विभाग द्वारा अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

IHMS KOTDWAR
Institute of Hospitality, Management & Sciences
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
"Journey Towards Excellence"
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Sri Dev Suman Uttarakhand University, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University (A Central University)
Approved By: All India Council of Technical Education (AICTE), Government of Uttarakhand and Ministry of Education
Admissions Open 2024-25
LIMITED SEATS
CHM
(CERTIFICATE IN HOTEL MANAGEMENT)
WINTER BATCH
Admissions Start For (January 2024)
JOB OPPORTUNITIES
RAMADA | CROWNE PLAZA | COUNTRY | COURTYARD Marriott | SAYAJI | PRIDE | HYATT | TAJ | Marriott | RAFFLES
PROGRAMMES AVAILABLE
M.B.A. 2 Years | M.C.A 2 Years | B.H.M. 4 Years | B.B.A. 3 Years | B.C.A. 3 Years | B.Sc. IT 3 Years | C.H.M. 1 Year
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# अस्पताल और डॉक्टरों पर सभी की नजर, सरकार की छवि का रखें ख्याल : डॉ. धन सिंह



**देहरादून(सं)** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि अस्पताल और डॉक्टरों पर सभी की नजर है। ऐसे में पुरस्कार की गरिमा बनाए रखें और सरकार की छवि का भी ख्याल रखें। गुरुवार को आईटीडीए ऑडिटोरियम में स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य के 144 अस्पतालों को कायाकल्प पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न श्रेणी में पुरस्कार पाने वाले सीएमओ, अस्पतालों के अधीक्षक और डॉक्टरों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से कहा कि इलाज और मरीजों की सुविधाओं पर फोकस करें। रावत ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को देश में 2025 तक टॉप थ्री में लाने का लक्ष्य है। इसके लिए सभी मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पतालों को इसी साल एनएबीएच प्रमाणित कराना है। अगले साल सभी उपजिला अस्पताल व 2027 तक सभी पीएचसी के लिए यह लक्ष्य है। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट, राजपुर रोड विधायक खजानदास, एमडी एनएचएम स्वाति भदौरिया, डीजी विनीता शाह, निदेश-क डॉ आशुतोष सयाना आदि ने विचार व्यक्त किए।

## स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने की जरूरत – डॉ आर राजेश कुमार

सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार ने अवार्ड पाने वाले सभी अस्पतालों व डॉक्टरों को बधाई दी और कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि कायाकल्प इसी सोच को आगे ले जाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह से अस्पतालों के बीच एक प्रतियोगी भावना विकसित होगी और इससे मरीजों को बड़ा लाभ होगा। उन्होंने अस्पतालों में हेल्थ हाईजीन और बायो मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल पर विशेष फोकस करने को कहा। सचिव ने कहा कि आज हम इलनेस से वेलनेस की ओर बढ़ रहे हैं और इसमें अस्पतालों की अहम भूमिका है। उन्होंने सभी को टारगेट ओरिएंटेड एप्रोच लेकर चलने को कहा और मरीज के साथ ही अस्पताल का भी ध्यान रखने को कहा।

## कोरोनेशन में मिलेगी एमआरआई की सुविधा

विधायक खजानदास ने कोरोनेशन अस्पताल में एमआरआई की सुविधा शुरू करने की मांग की। इस पर मंत्री ने कहा कि कोरेनेशन को जल्द एमआरआई मशीन दी जाएगी। इससे यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

## कोरोनेशन व जेएलएन अस्पताल श्रेष्ठ जिला अस्पताल

राज्य के जिन 144 अस्पतालों को अवार्ड दिए गए उनमें देहरादून के कोरोनेशन व यूएस नगर के जेएलएन अस्पताल को श्रेष्ठ जिला अस्पताल का अवार्ड दिया गया। इन दोनों ही अस्पतालों को 25– 25 लाख रुपए के चैक दिए गए। इसके अलावा अस्पतालों के रखरखाव, स्वच्छता, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, इंफेक्शन कंट्रोल, हाईजीन, पेशेंट फीडबैक के तहत अलग अलग अस्पतालों को कुल दो करोड़ के चैक वितरित किए गए।

## स्वयंसेवकों ने घर–घर पहुंचाई पूजित अक्षत

**देहरादून(सं)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सरस्वती शाखा के स्वयंसेवकों ने महिला कीर्तन मंडली आदर्श विहार को साथ लेकर अयोध्या से आये पूजित अक्षत श्री राम मन्दिर का चित्र व साहित्य घर–घर पहुंचाया। स्वयंसेवकों ने 22 जनवरी को घरों मे 5 दिए जलाकर दिवाली मनाने का आह्वान किया। क्षेत्र में जगह जगह जय श्री राम के जयकारे लगे। राम भक्त राम भजनों पर थिरकते नजर आए। आरएसएस से जुड़े नवीन नौटियाल ने कहा 15 जनवरी तक यह सिलसिला चलता रहेगा। इस अवसर बिजेंद्र नेगी, उमेश डोभाल, रमेश गौड़, सत्येंद्र बिष्ट, राहुल लखेड़ा, सत्य कंडवाल, कपिल चमोली आदी मौजूद रहे।

## रोडवेज में दस कर्मचारी वरिष्ठ लिपिक बने

**देहरादून(सं)** रोडवेज ने दस कनिष्ठ लिपिक और सहायक यातायात निरीक्षकों का वरिष्ठ लिपिक के पद का प्रमोशन कर दिया है। जिनका प्रमोशन हुआ है, उनमें ग्रमीण डिपो के अर्जुन सिंह गिल, योगेंद्र कुमार, देहरादून डिपो के अतुल कुमार, पर्वतीय डिपो के सत्यपाल सिंह, कोटद्वार डिपो के संजय शर्मा, मंडलीय कार्यशाला के जितेंद्र शाह, कश्मीरी गेट दिल्ली के मांगेराम, हरिद्वार डिपो के शुकलाल, रुड़की डिपो के नरेश कुमार और वीर सिंह शामिल हैं।

## मसूरी में कार समेत चार वाहनों में लगी आग

**देहरादून(सं)** मसूरी में एलबीएस अकादमी से लगे इंदिरा कालोनी में रात के वक्त कार समेत चार वाहनों में आग लग गई। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में रोष है। इसे लेकर कोतवाली में तहरीर भी दी गई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि इंदिरा कॉलोनी में रात के समय पर स्थानीय लोगों ने अपने वाहन एक स्थान पर पार्क किए थे। रात करीब दस बजे इन वाहनों में आग लग गई। कार के साथ ही दो बाइक और एक स्कूटी पूरी तरह जल गए। रात में यहां काफी लोगों की भीड़ भी जुट गई। स्थानीय लोगों ने शहर कोतवाली में तहरीर दी है। लोगों ने आशंका जताई है कि शरारती तत्वों ने ऐसा किया। उनका कहना है कि मसूरी में अक्सर रात में घर के बाहर खड़े वाहनों से पेट्रोल चोरी की घटनाएं भी होती रही हैं। लोगों ने इस मामले में आरोपियों की धरपकड़ कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल मनोज असवाल ने बताया कि अजय की कार, कृपया सिंह और जितेंद्र सिंह की मोटर साइकिल के अलावा सुनील की आल्टो आग से जली हैं। पुलिस ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया है। साथ ही सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

## एमबीबीएस डाक्टर से दाखिले के नाम पर 17 लाख ठगे

**देहरादून(सं)।** एमबीबीएस डाक्टर को पीजी में दाखिला दिलाने का झांसा देकर एजुकेशन कंसलटेंसी संचालक ने 17 लाख रुपये हड़प लिए। गाजियाबाद के एजेंसी संचालक ने डाक्टर संग यह फर्जीवाड़ा किया। आरोपी के खिलाफ रायपुर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सीओ रायपुर अभिनय चौधरी ने बताया कि आनंद त्यागी निवासी एचआईजी फ्लैट, एमडीडीए कॉलोनी चंदर रोड ने तहरीर दी। कहा कि उनके बेटे रिजुल त्यागी ने एमबीबीएस डिग्री ली हुई है। अच्छे कॉलेज में एमडी (पीजी) में दाखिले के लिए उनका संपर्क दीपक कुमार निवासी एटीएस एडवांटेज फेस दो, अहिंसा खंड इंद्रापुरम गाजियाबाद से हुआ। आरोपी एजुकेशन कंसलटेंसी चलाता है। आरोपी ने अच्छे कॉलेज में दाखिले का झांसा देकर पीड़ित से दो बैंक खातों में 17 लाख रुपये जमा करवा लिए। रकम लेने के बाद काफी वक्त बीत गया। आरोप है कि इसके बाद उनके बेटे का दाखिला आरोपी ने नहीं कराया। रकम वापस मांगी तो वह भी नहीं लौटाई गई।

## छह व सात को अम्बेडकर स्टेडियम में रहेगी हिमगिरी महोत्सव की धूम

**देहरादून(सं)।** पर्वतीय सरोकारों के लिए समर्पित हिमगिरि सोसायटी अपना 31वां वर्षगांठ दो दिवसीय हिमगिरी महोत्सव के रूप में मनाएगी। 6 और 7 जनवरी को ओएनजीसी के अंबेडकर स्टेडियम में सांस्कृतिक आयोजन होंगे, जिसका शुभारंभ सीम पुष्कर सिंह धामी करेंगे। प्रेस क्लब में हुई प्रेसवार्ता में संस्था अध्यक्ष गोपाल जोशी व सचिव आशीष चौहान ने बताया कि ओएनजीसी व राज्य सरकार के सहयोग से ये आयोजन होगा। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में डॉ. दिनेश कुमार असवाल, चित्रकला क्षेत्र में प्रोफेसर शेखर जोशी व पर्यावरण क्षेत्र में सच्चिदानंद भारती को हिमगिरी गौरव सम्मान दिया जाएगा। हिमगिरी के संस्थापक सदस्य व ओएनजीसी के पूर्व निदेशक (अन्वेषण)दिनेश कुमार पांडे को तेल व गैस अन्वेषण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया जाएगा। महोत्सव में नशामुक्त उत्तराखंड पर वाकथन व उत्तराखंड दशा दिशा विषय पर पूर्व मुख्य सचिव इंदु कुमार पांडे, लोकेश नवानी, कमला पंत, केदार सिंह रावत, प्रो.विनय आनंद बोडाई के संयोजन में विचार गोष्ठी, क्विज प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन होगा।। जिसमें किशन महिपाल, गजेन्द्र राणा, राकेश खनवाल, श्वेता माहरा, सौरव मैठाणी, माया उपाध्याय, सन्नी दयाल, रेशमा शाह, कैलाश कुमार, नरेन्द्र गित्यार अपनी प्रस्तुति देंगे।

## गंगा–यमुना के किनारे 6500 किमी पैदल यात्रा पर निकले सचिन

**देहरादून(सं)** हिसार हरियाणा निवासी सचिन छाछिया गंगा यमुना–उत्तराखंड के चार धामों में नदी किनारे अपनी 6500 किलोमीटर लम्बी यात्रा पर निकल चुके हैं। उन्होंने अपनी पैदल यात्रा वाराणसी से यमनोत्री के लिए शुरू की है। जिसके बाद वह गंगोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ व हेमकुंड साहिब भी जाएंगे। इसके बाद तीसरे चरण में वह बद्रीनाथ से कोलकाता की दूरी भी पैदल नापेंगे। स्वच्छ पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए वह अभी तक हजारों किलोमीटर की यात्रा साइकिल व पैदल तय कर चुके हैं। पैदल यात्रा पूरी करने में उन्हें डेढ़ वर्ष का समय लगने का अनुमान है। यमुना किनारे पैदल यात्रा एक जनवरी से वाराणसी से शुरू हो चुकी है। यमनोत्री पहुंचने में उन्हें चार माह लगेंगे। गंगा नदी की पैदल यात्रा में छह माह लगेंगे। सचिन ने बताया कि गंगा यमुना नदी के किनारे की इस यात्रा के लिए वह कक्षा नवीं से सोच रहे थे।

# युवा महोत्सव में युवाओं के समग्र विकास पर होगा मंथन: रेखा

**देहरादून(सं)** युवा महोत्सव को लेकर युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि महोत्सव में युवाओं के समग्र विकास पर विचार मंथन होगा। उन्हें एक ऐसा प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनके भविष्य के रास्ते खुलेंगे। मेगा रोजगार मेले में मल्टी नेशनल कंपनियों से युवा रुबरू होंगे। देश, प्रदेश के एक्सपर्ट, स्टार्टअप गुरु युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे। प्रदेश की लोक संस्कृति का भी लोक कलाकार प्रदर्शन करेंगे। सचिवालय मीडिया सेंटर में मीडिया से बातचीत में खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि युवा महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। केंद्र सरकार ने इस बार युवा महोत्सव की थीम यूथ एज जॉब क्रिएटर दी है। इसी थीम के तहत युवा महोत्सव में युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार की जानकारी दी जाएगी। स्टार्ट–अप, युवा समूहों, स्वयं सहायता समूहों, हैंडीक्राफ्ट, टेक्सटाइल एवं एग्रोप्रोड्क्ट आदि के 150 स्टॉल लगाए जाएंगे। स्थानीय परंपरागत एवं फ्यूज़न फूड पर आधारित 25 फूड फेस्टिवल के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। लोक गायकों की प्रस्तुति के साथ अलग–अलग दिनों में यूथ एज जॉब क्रिएटर्स विषय पर विभिन्न विशेषज्ञों से युवाओं के साथ परिचर्चा कराई जाएगी। युवा महोत्सव में करियर काउंसलिंग होगी। रोजगार मेले का आयोजन होगा। राज्य के उद्योगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्किल गैप एनालिसिस से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पांच जनवरी से नौ जनवरी के बीच युवा महोत्सव आयोजित होगा। स्थानीय परम्परागत एवं फ्यूजन फूड पर आधारित फूड फेस्टिवल भी होगा। राज्य के पारम्परिक परिधानों एवं वाद्य यंत्रों से जुड़ी प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत की झलक लोगों को देखने को मिलेगी। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर देहरादून में राष्ट्रीय युवा दिवस का शुभारंभ भी मुख्यमंत्री ही करेंगे। इस दिन उनके हाथों विवेकानंद यूथ अवार्ड का भी वितरण किया जाएगा। 12 से 16 जनवरी तक नासिक महाराष्ट्र में होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में युवा महोत्सव के विजेता उत्तराखंड की ओर से हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव खेल, युवा कल्याण अमित कुमार सिन्हा, निदेशक खेल जितेंद्र सोनकर, संयुक्त निदेशक अजय कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग ने की अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं एवं संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा



**देहरादून(सं)।** उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग मजहर नईम नवाब ने विकासभवन सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उनके विभाग में संचालित अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं एवं संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को प्रमुख निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में प्रतिभाग न करने वाले वन, पर्यटन, लोनिवि, एमडीडीए, पूर्ति विभागों से नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

माननीय उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पंहुचे इसके लिए धरातल पर प्रयास किये जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय से कार्य करते हुए अन्तिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पंहुचनाने की दिशा में कार्य करें। विभागों को उनके विभाग में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार–प्रसार करते हुए जनमानस को जगरूक करने को कहा साथ ही इसके लिए ब्लॉक/तहसील स्तर होने वाले कार्यक्रमों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने तथा स्टॉल लगाकर योजनाओं का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण योजनाओं को प्राथमिकता के साथ प्रचार–प्रसार के साथ ही योजनाओं अधिक से अधिक लोगों को इससे लाभान्वित करें। उन्होंने मुख्यमंत्री हुनर योजना अर्न्तगत रोजगारपरक कार्यक्रम का प्रशिक्षण देते हुऐ दुर्गम क्षेत्र के लोगों को जागरूक करते हुए याजनाओं से लभान्वित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही महिला कल्याण एवं स्वरोजगार की योजनाओं पर प्राथमिकता के साथ क्रियान्वयन करें। उन्होंने पुलिस विभाग की समीक्षा करते हुए अल्पसंख्यक कल्याण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की जानकारी के साथ ही वर्ष 2022–23 में दर्ज मुकदमें की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग को निर्देशित किया विभिन्न योजनाओं हेतु प्रमाण पत्र जारी न होने की शिकायत पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जलजीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित तीन बड़ी योजनओं की नक्शे सहित जानकारी आयोग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा मुख्य विकास अधिकारी को योजनाओं का सर्वे कराने को कहा। जिला पंचायतीराज विभाग को स्कूलों एवं आंगबाड़ी केन्द्रों पर शौचालय बने है कि रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास विभाग को आंगबाड़ी केन्द्रों के भवन की जानकारी मांगी जिसमें अवगत कराया कि जनपद 1960 आंगनबाड़ी केन्द्र हैं जिसमें से 650 केन्द्र किराये के भवन में है तथा 389 आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन बनाने की अनुमति प्राप्त हो गई है, जिसमें 264 भवनों के प्रस्ताव प्राप्त है शेष पर भूमि चिन्हित की जा रही है

# बनने के साथ ही बदहाल हुई सड़क, गुणवत्ता पर उठे सवाल

## हल्दूखाता मल्ला वार्ड नंबर 33 सजवाण कॉलोनी में बनाई गई थी सड़क

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** हल्दूखाता मल्ला वार्ड नंबर 33 सजवाण कॉलोनी में दस दिन पूर्व निर्मित एक किलोमीटर सड़क कई जगह बदहाल हो चुकी है। चंद दिन पूर्व हुए कार्य में वार्डवासी गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। कहा कि सड़क निर्माण में केवल सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। वार्डवासियों ने निर्माण कार्य की जांच करवाने की मांग की है। कहा कि यदि जल्द जांच नहीं हुई तो वार्डवासी एकजुट होकर आंदोलन करेंगे।

समस्या के संबंध में वार्डवासियों ने 22 दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात की थी। वार्डवासी सुनीता रावत, मंजू बमराड़ा, कविता नेगी, संगीता, लक्ष्मी, आशा उनियाल, माया रावत, अर्जुन नेगी, आकाश बड़ोला ने बताया कि उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को घटिया गुणवत्ता से अवगत करवाया था। मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा उसी दिन मौके का मुआयना किया और ठेकेदार को कार्य बंद करने को कहा। लेकिन, उसी रात ठेकेदार ने आनन-फानन में पूरी सड़क का निर्माण करवाया दिया। अगली सुबह होने से पूर्व ठेकेदार अपना सामान समेटकर चला गया। कार्य की पारदर्शिता निर्माण सड़क पर उगी घास से स्पष्ट हो रहा है। यही नहीं एक सप्ताह में ही सड़क का डामर उखड़ चुका है। वार्डवासियों ने जल्द गुणवत्ता की जांच नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।



हल्दूखाता मल्ला वार्ड नंबर 33 सजवाण कॉलोनी में बदहाल पड़ी सड़क

## दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को वाहनों पर लगाये जा रहे रिफ्लेक्टिव टेप

पौड़ी : सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर पौड़ी पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कॉमर्शियल वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए जा रहे है। साथ ही वाहन चालकों को रिफ्लेक्टर टेप लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। शीत काल में घने कोहरे के कारण सड़कों पर विजिबिलिटी कम होने व सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ने के मद्देनजर एसएसपी के निर्देश पर जिले भर में कॉमर्शियल वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाये जाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने बताया कि जिले में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगाए जा रहे है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाकर मानव जीवन को बचाया जा सके। साथ ही वाहन चालकों को जागरूक करते हुये यातायात नियमों की जानकारी, सड़क दुर्घटनाओं के कारण एवं बचाव के उपाय, उत्तराखण्ड पुलिस एप के माध्यम से ट्रैफिक आई एप के बारे में जानकारी दी जा रही है। वाहन चालकों को अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता 8 जनवरी को

**पौड़ी :** नेहरू युवा केन्द्र, पौड़ी द्वारा मेरा युवा भारत-विकसित भारत@2047 पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता आगामी 8 जनवरी को नगर पालिका परिषद, पौड़ी के सभागार में प्रातः 11 बजे होगी। जिसमें 15 से 29 आयु वर्ग के युवा प्रतिभाग करेंगे। जिले स्तर पर प्रथम स्थान विजेता को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान विजेता को एक लाख, द्वितीय स्थान को पचास हजार तथा तृतीय स्थान पर रहे दो विजेताओं को पच्चीस हजार रूपये की धनराशि का पुरूस्कार मिलेगा। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक युवा माई भारत पोर्टल पर युवा के रूप में पंजीकरण के पश्चात इवेंट टैब में जाकर भाषण प्रतियोगिता में आवेदन करना अनिवार्य है। इसके पश्चात ही भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।

# गढ़वाल राइफल व यूके इलेवन ने जीता मैच

### स्व. शशिधर भट्ट स्मृति में आयोजित फुटबाल का दूसरा दिन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** स्व. शशिधर भट्ट स्मृति खेल संस्था की ओर से आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा दिन गढ़वाल राइफल व यूके इलेवन के नाम रहा। इस दौरान फुटबॉल टूर्नामेंट देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

संस्थान की ओर से गाड़ीघाट स्थित राजकीय स्टेडियम में फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। गुरवार को दूसरे दिन का पहला मुकाबला कार्बेट फुटबाल क्लब यूएस नगर और 19 गढ़वाल राइफल के बीच खेला गया। मैच में गढ़वाल राइफल की टीम ने उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए कार्बेट फुटबाल क्लब को 3-0 से हराया। विजयी टीम की ओर से मंदीप, शुभम व जयदीप ने गोल किए। दूसरा मैच यू के इलेवन और 20 गढ़वाल राइफल की टीमों के बीच खेला गया। मैच के अधिकतर समय में यू के इलेवन की टीम गढ़वाल राइफल की टीम पर भारी रही। परिणामस्वरूप यू के इलेवन ने 6-0 से जीत दर्ज की। विजयी टीम की ओर से दीपक, मानव और रोहित ने गोल किए। इस अवसर पर अतुल भट्ट, भारत सिंह कुकरेती, नंद किशोर कुकरेती, दिनेश जुयाल, धीरेंद्र कंडारी सहित क्षेत्रीय फुटबाल प्रेमी मौजूद रहे।



स्टेडियम में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में गोल के लिए जूझते खिलाड़ी

## ड्रीम-11 व बाउंटी हंटर्स ने जीता क्रिकेट मैच

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** शहीद मुकेश बिष्ट स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-07 के चौथे दिन का मुकाबला ड्रीम-11 व बाउंटी हंटर्स ग्रास्टनगंज के नाम रहा। इस दौरान पुलिस विभाग की ओर से युवाओं को द्रुत एप की जानकारी दी गई।

गुरुवार को प्लाटून कमांडर होमगार्ड नरेश सिंह, सूर्य प्रकाश, मोहम्मद जुनेद, राहुल सिंह ने खिलाड़ियों को द्रुत एप की जानकारी दी। कहा कि इस एप के माध्यम से आमजन पुलिस तक अपनी शिकायत पहुंचा सकते हैं। इस दौरान चौथे दिन का पहला मुकाबला ड्रीम-11 व देवभूमि क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें देवभू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 80 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ड्रीम-11 ने छठवें ओवर में ही मैच जीत लिया। दूसरे मुकाबले में बाउंटी हंटर्स ने टॉस जीतते हुए 94 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एसजी क्लब की टीम मात्र 68 रन ही बना पाई।

# श्री कृष्ण व रुकमणी विवाह की कथा का करवाया श्रवण

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** दुगड्डा ब्लाक के सैलानी गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन वेदाचार्य पंडित देवी प्रसाद भट्ट ने श्रीकृष्ण और रुकमणी विवाह की कथा का श्रवण करवाया।

उन्होंने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है, कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं। कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया। उन्होंने गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव के प्रसंग सुनाते हुए कहा कि श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से पापों का नाश होता है। श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण को सभी देवों और स्वयं भगवान के रूप में दर्शाया गया है।

भागवत कथा का श्रवण करके ही राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। कथा के अंत में प्रसाद वितरण के साथ सामूहिक आरती की गई। इस मौके पर आचार्य कृष्णा गोदियाल, महेश जुयाल, मनीष जोशी, विनोद देवरानी, धीरज बुड़ाकोटी और रोहन बुड़ाकोटी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



भागवत कथा का श्रवण करवाते देवी प्रसाद भट्ट

# सात लाख की चरस के साथ दो गिरफ्तार



**कोटद्वार :** कोटद्वार पुलिस व सीआईयू टीम ने एक किलो 390 ग्राम अवैध चरस के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई चरस की कीमत करीब सात लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्टर के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोटद्वार पुलिस एवं सीआईयू टीम ने गुरवार को चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान अमीर अहमद पुत्र अनीस अहमद, निवासी मोहल्ला मुगलशाह, थाना नजीबाबाद, जिला बिजनौर व हरेन्द्र पुत्र राजेन्द्र, निवासी देवेन्द्र नगर कौडिया, थाना नजीबाबाद, जिला बिजनौर को लगभग सात लाख मूल्य की 1 किलो 390 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना कोटद्वार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# खत्म हुई हड़ताल, पटरी पर लौटने लगी व्यवस्थाए

**कोटद्वार :** हिट-एंड-रन कानून को बेहद कड़ा करने के विरोध में पिछले तीन दिन से जारी वाहन चालकों की हड़ताल गुरुवार को समाप्त हो गई। हड़ताल समाप्त होने से आमजन को काफी राहत मिली। सुबह से ही मैदान व पहाड़ के लिए आवागमन करने वाले यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। वहीं, पेट्रोल पंप में भी पेट्रोल व डीजल पर्याप्त मात्रा में पहुंच गया था।

कानून में विरोध में पिछले तीन दिन से वाहन स्वामी व चालकों की हड़ताल चल रही थी। जिससे मैदान व पहाड़ के लिए वाहनों के पहिये जाम हो गए थे। धीरे-धीरे इसका असर आमजन पर पड़ने लगा था। बुधवार को शहर के अधिकांश पेट्रोल पंप में पेट्रोल व डीजल पूरी तरह समाप्त हो गया था।

शहर में खाद्य सप्लाई चेन भी प्रभावित होने लगी थी। हड़ताल खत्म होने के बाद गुरवार को व्यवस्थाएं पटरी पर लौटने लगी हैं। दिल्ली, गुरुग्राम, देहरादून के साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों को आवागमन करने वाले यात्रियों को आसानी से वाहन उपलब्ध हो गए थे।

पिछले तीन दिन से आमजन हड़ताल खुलने का इंतजार कर रहा था। यही नहीं, यात्रियों की अधिक संख्या को देखते हुए रोडवेज की ओर से मैदानी रूटों के लिए अतिरिक्त बसों का भी संचालन किया गया।




कोटद्वार बस स्टैंड में दिल्ली रूट के लिए खड़ी रोडवेज की बस

## एनएसएस शिविर में प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

**उत्तरकाशी** : एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का कुमारकोट गांव में स्थित स्वतंत्रता सैनानी स्मारक स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। पुरोला विकासखण्ड के राइंका मोल्टाड़ी के सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का विभिन्न सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों के साथ गुरुवार को समापन किया गया। कुमारकोट गांव में इंटर कॉलेज मोल्टाड़ी के एनएसएस के आयोजित शिविर में छात्र-छात्राओं ने जंहा सात दिनों तक स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता अभियान सहित नशा मुक्त प्रदेश, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, साक्षरता अभियान व दहेज प्रथा जैसे सामाजिक कुरीतियों पर नुक्कड़ नाटक व जागरूकता अभियान चलाए गए। गांव के पनघट, मरघट आदि रास्तों की सफाई तथा मरम्मत कार्य किये गए। वहीं समापन दिवस पर स्वतंत्रता सैनानी स्मारक स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। समापन दिवस पर स्वयं सेवियों ने पारम्परिक वेशभूषा में रासों, तांदी, पांडव नृत्य सहित गढ़वाली,जौनसारी, रंवाल्टी पारम्परिक गानों में दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। समापन दिवस पर एनएसएस के प्रभारी अमर लाल बत्रा ने शिविर के सात दिनों तक आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि एनएसएस विशेष शिविरों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को ग्रामीण परिवेश, रहन-सहन व माजिक रीति-रिवाजों से परिचित होने के साथ ही समाज के प्रति उत्तरदायित्व व सामाजिकताओं का विकास होता है। इस मौके पर प्रधानाचार्य एलपी बंधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप बिजल्वाण, पूर्व पीटीए अध्यक्ष किताब सिंह राणा, एसएमसी अध्यक्ष प्रकाश चंद्र, यशवीर पंवार आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर ग्रामीण

**नई टिहरी** : तीर्थनगरी देवप्रयाग की भरपूर पट्टी के कई सम्पर्क मार्गों के बदहाल होने से यहां लगातार दुर्घटनाओं की आशंका बनी है। इन मार्गों की आधी-अधूरी कटिंग, ध्वस्त पुश्ते, डामरीकरण न होने से ग्रामीण जान जोखिम में डाल सफर करने को मजबूर हैं। देवप्रयाग ब्लॉक स्थित भरपूर पट्टी की 26 ग्राम पंचायतों को आपस में जोड़ने के लिए कई सड़कों का निर्माण किया गया है। लेकिन लोनिवि की लापरवाही से इनमें कई मार्ग बदहाल हो चुके हैं। पिछले दो वर्षों से इनकी मरम्मत को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा बीडीसी, तहसील दिवस सहित विभागीय अधिकारियों से शिकायत रखी जा रही है, लेकिन कोई भी कार्रवाई सामने नहीं आयी है। पूर्व क्षेपंस व कांग्रेस अनुसूचित विभाग जिलाध्यक्ष जगदीश चन्द्र आर्य ने सीएम पोर्टल में आखिर इसकी शिकायत दर्ज की गयी है। जिसमें खरसाड़ी में डेढ़ साल से ध्वस्त पुश्ते की मरम्मत नहीं होने सहित विंदवा से डोभ, मुन्नाखाल से देवताधार, गुरगाड से नामधार, दनेड से डंडगेल राइंका बौण्ठ आदि तक सड़क की पूरी कटिंग व डामरीकरण नहीं होने से यहां बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी है। लोनिवि एई मनमोहन सिंह के अनुसार क्षतिग्रस्त मार्गों की डीपीआर बनाकर शासन को भेजी जा रही है। वित्तीय स्वीकृति होने के बाद इनकी मरम्मत का काम शुरू हो जायेगा। विधायक प्रतिनिधि महेंद्रपाल गुसाई का कहना है क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने अधिकारियों को इस मुद्दे पर तत्काल कारवाही के निर्देश दिये है। (एजेंसी)

# मतगणना स्थल का प्लान तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें : जिला निर्वाचन अधिकारी

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतगणना स्थल जीआईसी पौड़ी का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने मतगणना स्थल राजकीय आदर्श विद्यालय पौड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पूर्व चुनाव में बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम के रख रखाव की व्यवस्था, काउंटिंग कक्ष, पोलिंग पार्टी रूट, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मतगणना स्थल जीआईसी पौड़ी का निरीक्षण करते हुए लोनिवि को पूरा प्लान तैयार करते हुए उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्व में हुए चुनाव के आधार पर ही प्लान तैयार करें तथा जो कक्ष जिस कार्य के लिए बनाया जायेगा उसी के अनुरूप प्लान बनाएं। जिससे वहां सभी व्यवस्थाएं आसानी से पूर्ण की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि मतगणना में सुरक्षा में तैनात फोर्स के लिए ठहरने की व्यवस्था, चुनाव में तैनात कार्मिकों के लिए भोजन व्यवस्था, पेयजल, शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी प्लान तैयार करें।




जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान निरीक्षण के दौरान निर्देश देते हुए।

उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त विधान सभाओं से मतदान करके आने वाली पोलिंग पार्टियों का रूट प्लान क्या रहेगा उसकी रिपोर्ट भी तैयार करते हुए प्रस्तुत करने को कहा। निरीक्षण के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह अधिकारी, सहायक अभियंता लोनिवि रवि कुमार, एसआई पुलिस महेश सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश में पलायन के लिए भाजपा, कांग्रेस जिम्मेदार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार के सिमलचौड़ में बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यालय का शुभारंभ हो गया है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष चौ. शीशपाल ने प्रदेश में हो रहे पलायन के लिए भाजपा व कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। बैठक में रामवीर चौहान को पार्टी का महानगर अध्यक्ष भी मनोनीत किया गया।

गुरुवार को कोटद्वार पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष चौ. शीशपाल का कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इसके उपरांत सिम्मलचौड़ में पार्टी कार्यालय का शुभारंभ किया गया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड गठन के बाद प्रदेश वासियों को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, भाजपा व कांग्रेस ने सत्ता में पहुंचकर केवल जनता का शोषण किया। नतीजा, मूलभूत सुविधाओं के अभाव में पहाड़ों से लगातार पलायन जारी है।

रोजगार की तलाश में उत्तराखंड के युवा बड़े शहरों में भटक रहे हैं। कहा कि उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए बसपा की नीति एवं विचारधार कारगर है।

जिलाध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा कि पहाड़ की मूल समस्याओं के लिए जल्द ही बसपा सड़क पर उतरकर आंदोलन चलाएगी। इस मौके पर प्रदेश महासचिव डा.



पहुंचे बसपा प्रदेश अध्यक्ष चौ. शीशपाल का स्वागत करते कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी

नाथीराम, मदन पाल, डा. मनीराम, अनिल देवरानी, जयेदेव सिंह, मिथलेस कुमार, नैन सिंह, बलकरन सिंह, प्रभुदयाल, सतेंद्र चौपड़ा आदि मौजूद रहे।

## गुरिल्लाओं की समस्याओं का जल्द होगा निराकरण : तीरथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर गढ़वाल** : एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन के जिला अध्यक्ष मान सिंह नेगी के नेतृत्व में गुरुवार को एक शिष्टमंडल ने गढ़वाल सांसद तीरथ रावत से मुलाकात कर तीन सूत्रीय मांगों (नौकरी, पेंशन, हित लाभ) से अवगत कराया।

शिष्टमंडल ने केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा पारित सभी शासनादेशों की सहमतियों पर अति शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की। संगठन अध्यक्ष मान सिंह नेगी ने कहा कि गुरिल्ला विगत 17 सालों से आंदोलनरत है किन्तु सरकार द्वारा उनकी मांगों पर अमल नहीं किया जा रहा है।

कहा कि अगर सरकार द्वारा अति शीघ्र उनकी मांगों का निस्तारण नहीं किया जाता है तो उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस अवसर पर सांसद तीरथ सिंह रावत ने गुरिल्लों की मांगों पर उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द मांगों का निस्तारण किया जाएगा। साथ ही इस संदर्भ में केंद्र सरकार व राज्य सरकार दोनों मिलकर गुरिल्लाओं की समस्या का समाधान करेंगे। इस मौके पर शिष्टमंडल के अनिल भट्ट, विजय सिंह, जगत राम, आनंद सिंह, नरेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

# ऋषिकेश में ठंड से मुश्किलें बढ़ी

ऋषिकेश। ऋषिकेश में ठंडी हवाएं चलने का सिलसिला शुरू हो गया है। सर्द हवाओं के चलते पारा लुढ़कने से ठिठुरन बढ़ गई है। इससे नौकरी–पेशा लोगों और छात्रों की परेशानियां बढ़ गई हैं। ठिठुरन के चलते गुरुवार को कई लोग देरी से दफ्तर पहुंचे। उधर, मैदानी इलाकों में कोहरा छाने से बस–रेल और हवाई सेवाएं हर रोज प्रभावित हो रही हैं। सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। अब हर रोज सुबह–शाम के समय कोहरा छाने लगा है।

इससे वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ने लगी है। स्कूलों की समयसारिणी भी गड़बड़ा रही है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान 09 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह–शाम ठंडी हवाएं चलने से ठिठुरन बढ़ गई है। छात्रों को स्कूल और नौकरी–पेशा लोगों को दफ्तर पहुंचने में दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। गुरुवार को कई विभागों में कर्मचारी देरी से पहुंचे। मैदानी इलाके में घने कोहरे की वजह से रेल और बस सेवाओं के साथ ही हवाई सेवाएं भी प्रभावित हो रही है। जौलीग्रांट और आसपास के क्षेत्रों में सुबह के समय कोहरा छाया रहा। इससे एयरपोर्ट पर आने वाली फ्लाइटें प्रभावित हुईं। सुबह 10.50 बजे दिल्ली से एयरपोर्ट आने वाली इंडिगो की फ्लाइट अपराह्न 3.25 बजे जौलीग्रांट पहुंची। जबकि अधिकांश फ्लाइटें आधा से एक घंटे देरी से पहुंची। रेल सेवाएं भी कोहरे के चलते एक से दो घंटे देरी से पहुंच रही हैं। सुबह के समय हेमकुंड एक्सप्रेस, अहमदाबाद समेत कई ट्रेनें देरी से आईं। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी है। उधर, दिल्ली रूट पर बसें छह से सात घंटे का समय ऋषिकेश पहुंचने में ले रही हैं। जबकि आम दिनों में मात्र पांच घंटे ही लगते हैं। रोडवेज के प्रशासनिक अधिकारी विपिन चौधरी बताते हैं कि मैदानी क्षेत्र में घना कोहरा छाने से दो से तीन घंटे का अधिक समय लग रहा है। मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह बताते हैं कि आने वाले दिनों में ठंड लगातार बढ़ेगी। 9 जनवरी से राज्य में बारिश के आसार भी बन रहे हैं।

# बिना लाइसेंस खुली मांस की दुकानों का विरोध शुरू

**रुद्रप्रयाग** : नगर में बिना लाइसेंस व अवैध मांस की बिक्री को लेकर अब स्थानीय लोग मुखर हो गए हैं। गुरुवार को व्यापार मंडल के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रीय जनता ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। जिसमें उन्होंने कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में स्थानीय लोगों ने कहा कि नगर में यहां संचालित हो रही मांस की दुकानें बिना लाइसेंस के संचालित हो रही हैं। अवैध रूप से इन दुकानों में मानकों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी विभाग द्वारा इन दुकानों पर कार्रवाई की गयी थी किंतु उसके बावजूद भी स्थिति जस की तस है। नियमों को ताक पर रखकर मांस की बिक्री की जा रही है। कहा कि

### गदेरे में फेंक रहे मांस

नगर में मांस विक्रेता दुकानों में बचे मांस को थाने के निकट गदेरे में खुले में फेंक रहे हैं, जिससे मांस खाने को एकत्रित कुत्ते राहगीरों पर हमले कर रहे हैं। इससे पूर्व कई बार राहगीरों के साथ ही स्कूली बच्चों पर कुत्ते हमले कर चुके हैं। लेकिन उसके बावजूद नगर पंचायत कोई कार्यवाही करने को तैयार नहीं है। स्थानीय लोग कई बार इस बारे में शिकायत कर चुके हैं लेकिन सुधार नहीं पा रहा है।

तहसील मुख्यालय में नियमों को ताक पर रखकर दुकानें संचालित हो रही हैं किंतु विभाग बेखबर बना हुआ है। कहा कि लापरवाही के कारण लोगों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। ज्ञापन में लोगों ने अवैध मांस की दुकानों पर तत्काल कार्यवाही न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव भट्ट ने बताया कि इन दुकानों को लेकर स्थानीय लोग लगातार शिकायतें कर रहे हैं। ज्ञापन में व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव भट्ट, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष विजय राणा, प्रधान संगठन संरक्षक संदीप पुष्पवान, महामंत्री रविंद्र पुष्पवान, मंडल अध्यक्ष अनुसूया प्रसाद, दिनेश चन्द्र तिवारी, महेश बत्वाॅल, अंजनेश पंवार, प्रधान प्रेमलता देवी, प्रवीण मैठाणी, बब्बू बर्त्वाल, अंजना रावत, हेमलता नौटियाल, प्रदीप त्रिवेदी, दलबीर नेगी, राकेश तिवारी, जीतपाल सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं। (एजेंसी)

# मछली बीज उत्पादन के लिए आत्मनिर्भर बन रहे मत्स्य पालक

## काश्तकारों को विभागीय प्रशिक्षक दे रहे मत्स्य प्रजनन का प्रशिक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**चमोली :** चमोली जनपद में काश्तकार जहां वर्तमान में मत्स्य पालन से अपनी आर्थिकी मजबूत कर रहे हैं। वहीं मत्स्य विभाग ने जनपद के काश्तकारों की बीज के लिए विभाग व अन्य पर निर्भरता को खत्म करने की मुहिम शुरु कर दी है। विभाग की ओर से दिए जा रहे मत्स्य प्रजनन के प्रशिक्षण के बाद काश्तकार स्वयं मछली के बीज का उत्पादन कर सकेंगे। जिससे बीज की खरीद में होने वाले खर्च से काश्तकार बच सकेंगे।

चमोली जनपद में 451 काश्तकार मत्स्य पालन कर अपनी आर्थिकी को मजबूत कर रहे हैं। जिला मत्स्य प्रभारी जगदम्बा कुमार ने बताया कि जनपद के काश्तकार प्रति वर्ष 2 हजार कुंतल से अधिक मछली का विपणन कर अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन वर्तमान तक काश्तकारों को करीब 55 लाख की लागत से मछली का बीज विभाग अथवा बाजार से खरीदना पड़ रहा था। ऐसे में कुछ काश्तकार बीज न मिलने की सूरत में मत्स्य पालन से विमुख हो रहे थे। ऐसे में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के साथ ही मत्स्य विभाग के सचिव बीवीआर पुरुषोत्तम के निर्देश पर विभाग ने जनपद में काश्तकारों को मछली के बीज उत्पादन के लिए आत्मनिर्भर बनाने की योजना शुरु की है। जिसके तहत विभाग की ओर उर्गम के 6 काश्तकारों के साथ ही ल्वांणी, चलियापाणी और वांण की समिति से जुड़े काश्तकारों को मत्स्य प्रजनन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष वांण की समिति को दिए प्रशिक्षण के बाद वर्तमान समिति की ओर से ढाई लाख मत्स्य बीच का विपणन कर करीब 14 लाख की आय अर्जित की गई है। बताया कि जल्द ही जनपद के काश्तकारों की मत्स्य बीज को लेकर विभाग और बाजार पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। कहा कि इस वर्ष विभाग की ओर से 3 लाख से अधिक मत्स्य बीज उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिये विभागीय प्रशिक्षकों की देखरेख में मत्स्य पालन कर रहे काश्तकारों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



### दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा मत्स्य पालन

मत्स्य विभाग केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से टैंक निर्माण कर मत्स्य पालन से काश्तकारों को जोड़ने का काम कर रहा है। वर्तमान में जनपद के उर्गम घाटी, वांण, चलियापानी, ल्वांणी, करछौं, नंदानगर, मंडल घाटी के गांवों में काश्तकार मत्स्य पालन कर रहे हैं। काश्तकार को ट्राउट मछली स्थानीय बाजार में 6 सौ रुपये और दिल्ली सहित बाहरी बाजारों में आठ सौ से एक हजार रुपये किलो की कीमत पर विपणन किया जा रहा है। जिससे काश्तकार बेहतर आय प्राप्त कर रहे हैं।

### स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है ट्राउड मछली का सेवन

ट्राउड मछली का सेवन स्वास्थ्य के लिये बेहतर होता है। जानकारों के अनुसार ट्राउड मछली में प्रोटीन, ओमेगा-3 फैटी एसिड, सेलेनियम आयोडीन, जिंक, मैंगनीज, फास्फोरस सहित विटामिन ए, डी, बी, बी12, बी3, बी6 व बी2 प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में ट्राउड मछली के सेवन से हृदय रोग का खतरा कम होता है। बच्चों के मस्तिष्क के विकास, नेत्र स्वास्थ्य, वजन प्रबंधन के साथ ही इसे गर्भवती महिलाओं के लिए भी लाभप्रद बताया जाता है।

## पुरोला कॉलेज को मिला सी प्रमाण पत्र

**उत्तरकाशी :** बीएल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली की गुणवत्ता प्रमाणन संस्था राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बैंगलुरु से सीजीपीए के साथ सी ग्रेड प्राप्त हुआ है। जिस पर महाविद्यालय पीटीए समिति सहित छात्र संघ के पदाधिकारियों और क्षेत्र के लोगों ने खुशी व्यक्त की है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने इसकी जानकारी दी है। महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर अभिभावक-शिक्षक संघ के अध्यक्ष दशरथ सिंह पंवार, छात्रसंघ अध्यक्ष रितिक चुनार, अजय कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों तथा स्थानीय शिक्षा क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। (एजेंसी)

## विजय बडोनी को मिली विधानसभा सह संयोजक की जिम्मेदारी

**उत्तरकाशी :** जिला उपाध्यक्ष भाजपा विजय बडोनी को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना यमुनोत्री का विधानसभा सह संयोजक बनाए जाने पर भाजपा मण्डल चिन्यालीसौड़ ने प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट और प्रदेश मीडिया प्रभार मनवीर सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विजय बडोनी ने कहा कि शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की गई है, जिससे शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को नई पहचान मिलेगी। साथ ही पीएम विश्वकर्मा योजना भारत की पारंपरिक कला और शिल्पकला को जीवित रखने और देश के कारीगरों और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में मदद करेगी। उन्होंने बताया कि उनका मुख्य फोकस जनपद के कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करना रहेगा। इस मौके पर सुमन बडोनी, संजय कंडियाल, मनीष कुकरेती, पूनम रमोला, उदय पाल सिंह परमार, अमित सकलानी, सुभाष नौटियाल आदि थे। (एजेंसी)

## स्वयं सेवियों ने सौंग नदी में चलाया स्वच्छता अभियान

**नई टिहरी :** राइका मरोड़ा एनएसएस शिविर के स्वयंसेवियों ने सौंग नदी के तटों पर स्वच्छता अभियान चलाकर इधर-उधर बिखरे कूड़े को एकत्रित किया। नेयुक्रे के जौनपुर ब्लॉक समंवय अनिल हटावाल ने छात्रों को स्वच्छता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा कि स्वच्छ भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी जब हम सभ मिलकर अपने घरों, आसपास के नदी नालों और गदेरों को स्वच्छ और साफ रखेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिये हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा, साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरुक रहना होगा। कार्यक्रम के शुरुआत से पूर्व सामज सेवी किरन सोनी के साथ स्वयं सेवियों ने सरस्वती के चित्र का पूजन किया। कार्यक्रम में सीता, शालू, साक्षी, अंकिता, ऋषिका, रेशमा, राधिका, ज्योति, लक्ष्मी, रुचि, तेजेन्द्र, हरेंद्र आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

## नरेन्द्र बनें यूपी पुलिस में एएसआई

**चमोली :** गैरसैंण के आदिबदरी तहसील में डोल्टू गांव निवासी नरेन्द्र सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह यूपी पुलिस में एएसआई पद पर नियुक्त हुये हैं। उनकी इस कामयाबी से गांव में खुशी का माहौल है। क्षेपंस गंगा राम टम्टा, हरि सिंह, जयकृत नेगी विजय सिंह आदि ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त करते हुए नरेन्द्र के उज्वल भविष्य की कामना की है। (एजेंसी)

## शंकराचार्य ने सशक्त भू कानून का समर्थन किया

**चमोली :** उत्तराखंड सशक्त भू कानून और मूल निवास की मांग कर रही संघर्ष समिति और इसके लिए आन्दोलन कर रहे लोगों को ज्योतिष पीठ बद्रीकाश्रम के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज का समर्थन मिला है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा यह सही मांग का आन्दोलन है। (एजेंसी)

## दस घरों के तोड़े ताले, नकदी और जेवर उड़ाए

नई टिहरी : थाना घनसाली अंतर्गत ग्राम पंचायत जखन्याली में बीते बुधवार रात्रि को चोरों ने 10 घरों के ताले तोड़कर नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर लिया। ग्राम प्रधान ने घटना की तहरीर घनसाली थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जखन्याली ग्राम प्रधान ऋषिता श्रीयाल ने बताया कि, बीते बुधवार रात्रि को चोरों ने ताल तोक में ग्रामीण भास्करानंद, उपेंद्र गैरोला और बिरोड़ी तोक में श्रीदेव सुमन, प्रशांत, सुरेशराम, गीताराम, सीताराम श्रीयाल, योगेश और दिनेश चंद्र के घरों के ताले तोड़कर घरों में सामान अस्त व्यस्त कर देवी-देवताओं के चांदी के छत्र, नकदी व अन्य सामान चुरा लिए। इस मामले की रिपोर्ट थाना घनसाली में दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष राजेश बिष्ट ने बताया कि ग्राम प्रधान ने चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके बाद चीता पुलिस को मौके पर भेजा गया है। शीघ्र ही चोरों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी। (एजेंसी)

# जनपद रुद्रप्रयाग को मिला चेस्ट फिजिशीयन

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में दी तैनाती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**रूद्रप्रयाग :** जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में जारी प्रयासों की कड़ी में एक और अच्छी खबर है। जिले को चेस्ट फिजिशीयन मिल गया है, स्वास्थ्य विभाग ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में चेस्ट फिजिशीयन को तैनात किया है।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसाईं ने बताया कि शासन ने एक सप्ताह पूर्व डॉ. अतुल उपाध्याय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में बतौर चेस्ट फिजिशीयन तैनात किया है, उन्होंने अपना कार्यभार ग्रहण कर दिया है।

बताया कि चेस्ट फिजिशियन की तैनाती होने से दमा, निमोनिया, सांस व फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के मरीजों को जनपद में ही विशेषज्ञ सेवा मिल पाएगी। चेस्ट फिजिशीयन की तैनाती होने से जहां सांस व फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के उपचार के लिए जनपद के बाशिंदों को अब अन्य शहरों की दौड़ नहीं लगानी होगी। वहीं, अब टीबी मुक्त अभियान को भी गति मिल पाएगी।

दरअसल, टीबी मुक्त जनपद के लक्ष्य को हासिल करने के जनपद में फील्ड स्तर पर एक्टिव केस फाइंडिंग की गतिविधियों को लगातार अंजाम दिया जा रहा है, फिर भी कतिपय मामलों में टीबी लक्षणों को छुपाने की प्रवृत्ति के दृष्टिगत ऐसे मामलों के टीबी संक्रमण होने की आशंका बनी रही है। ऐसे में चेस्ट फिजिशियन के पास उपचार के लिए आने वाले मामलों की तत्काल टीबी जांच कर अधिक से अधिक केसों को ढुंढकर उनका उपचार किया जा सकता है, जिससे टीबी मुक्त अभियान को गति मिलेगी।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढीकरण की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत बीते एक वर्ष में सीएचसी अगस्त्यमुनि में जनरल सर्जन, सोनोलॉजिस्ट की तैनाती की गई, वहीं एक माह पूर्व बाल रोग विशेषज्ञ भी तैनात किया गया है।

## मयंक और अनुष्का सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवी

**रुद्रप्रयाग :** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राइका तूल्ड़ा का सात दिवसीय विशेष शिविर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन हो गया। राजकीय जूनियर हाई स्कूल डुंगरी में आयोजित शिविर के समापन पर शिविर में सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवी बालक वर्ग में मयंक सिंह व बालिका वर्ग में अनुष्का थपलियाल को चुना गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पीटीए अध्यक्ष कीरत सिंह कप्रवान ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों के द्वारा मतदाता जागरुकता और शिक्षा से जुड़े कार्यक्रमों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज हमारे युवा नशा की गिरप्त में आ चुके है जो भविष्य के लिए एक चिंता जनक विषय है।

नशा मुक्त उत्तराखंड बनाने में भी युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए स्वयं सेवियों को स्वयं को दूर रखकर अपने साथियों को जागरूक करना चाहिए। महिला मंगल दल अध्यक्ष मीना थपलियाल ने कहा कि स्वयं सेवी संस्कारवान बनकर ही अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को संस्कारवान बनाएं। कार्यक्रम अधिकारी एमएस बिष्ट ने शिविर में किए गए कार्यक्रमों क जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शीशपाल पंवार ने किया। इस मौके पर लोकानंद थपलियाल, महिला मंगल अध्यक्ष सुमेरपुर, तूल्ड़ा, सावित्री देवी, रजनी देवी, विजया भट्ट, प्रमोद कोहली, प्रशासनिक अधिकारी महेंद्र कठैत, बलवंत, सुमित्रा देवी, अशोक बिष्ट सहित कई लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

## कलश यात्रा के साथ रामकथा शुरू

नई टिहरी : थौलधार ब्लॉक के कंडीसौड़ स्थित श्री नागराजा मन्दिर में व्यापार मंडल कंडीसौड़ तथा क्षेत्रीय जनता की ओर से नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन शुरू किया गया है।

## समूह ग मुख्य भर्ती परीक्षा 7 जनवरी को

**चमोली :** उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा 07 जनवरी 2024, (रविवार) को सम्मिलित कृषि, उद्यान, पशुपालन विभाग हेतु समेकित (समूह ग) मुख्य भर्ती परीक्षा का दो पालियों में आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए पीजी कालेज गोपेश्वर में परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिला मजिस्ट्रेट हिमांशु खुराना के आदेशों के क्रम में परीक्षा केन्द्र पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु परीक्षा केन्द्र की 200 मीटर की परिधि में 6 जनवरी को अपराह्न 6 बजे से 7 जनवरी के अपराह्न 6 बजे तक धारा-144 लागू रहेगी। परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि के अन्तर्गत 5 या इससे अधिक व्यक्तियों के एक साथ एक स्थान पर एकत्रित होने, जुलूस, झांकी, जनसभा, प्रदर्शन, लाउडस्पीकर के प्रयोग पर रोक तथा किसी भी प्रकार का शस्त्र ले जाना पूरी तरह वर्जित रहेगा। परीक्षा केन्द्र परिसर में सेलुलर फोन, पेजर, पाठ्य सामग्री ले जाने की अनुमति कदापि नही होगी। परीक्षा केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में प्रिंट एवं फोटो स्टेट की दुकानें पूर्ण रूप से बन्द रहेंगी और परीक्षा केन्द्र में किसी प्रकार का साहित्य, प्रेस नोट, पम्पलेट, पोस्टर बैनर आदि नही लगवाए और बंटवाये जाएंगे।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई–टेंडर निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| Tender No. Date | 256-DRM-MB-23-24 Date: 03.01.2024 | | |
|---|---|---|---|
| Name of work | Construction of boundary wall near station HQ/MB and its approaches as measure to safeguard track and establishment avoiding encroachment under DEN-HQ. Chargeable to Esimate no. 66/2019 (RRSK) | | |
| Tender Closing Date/Time | 29.01.2024 | Tender Cost | 0.00/- |
| Advertised Value(₹) | ₹2,99,99,961.90 | Earnest Money(₹): ₹3,00,000.00 | |
| Bidding Start Date | 15.01.2024 | | |
| Period of Completion | 8 Months | | |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 03.01.2024 38/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगें। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 251-DRM-MB-23-24 Date 04.01.2024 |
|---|---|
| कार्य का नाम | Misc Track work and Yard Remodelling in connection with EI Work under Jurisdiction of ADEN/2/HRI and CTR(S)= 3.085TKM (0.795TKM at SAN yard + 0.685TKM at BGH Yard + 0.857TKM at HRI Yard + 0.748TKM at DIL Yard), TRR(S) = 1.47TKM at UTA, DIL Yard & Misc work in the jurisdiction of ADEN/I/HRI. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 29.01.2024 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,35,30,801.90 |
| धरोहर राशि | 2,17,700.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 15.01.2024 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह |

पत्रांक - 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 04.01.2024 33/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सम्पादकीय

## संगठन स्तर पर मजबूत भाजपा

वर्ष 2024 की शुरुआत के साथ ही उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति शुरू कर दी है। स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी पांचो सीट अपने कब्जे में रखने की एक बार फिर पुरजोर कोशिश करेगी और इसके लिए बूथ लेवल पर कार्यकर्ताओं को एकजुट होने का आवाहन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है। विधानसभा चुनाव के बाद से ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुछ ऐतिहासिक फैसलों के साथ जनता के बीच यह बताने का प्रयास किया है कि केंद्र ने उन पर यूं ही भरोसा नहीं किया है और वह अपने कुछ कड़े फैसलों से उत्तराखंड के हित को साकार करने में पीछे नहीं रहेंगे। उत्तराखंड की राजधानी में भाजपा उत्तराखंड की संयुक्त मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी बैठक में भी यह स्पष्ट कर दिया गया है कि अपने सारे आपसी मतभेद एक किनारे रखकर एकजुटता से सभी लोग लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाएं। मुख्यमंत्री स्वयं इस बैठक में शामिल रहे तथा केंद्र और राज्यों में एक ही पार्टी की सरकार होने की उपयोगिता को बताते हुए पदाधिकारी को पांचो सीटों पर एक बार फिर जीत दिलाने के लिए जुट जाने को कहा। साफ है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है और जिस प्रकार से मुख्यमंत्री धामी कुछ खास फैसलों को लेकर चर्चा में आए हैं वह आने वाले चुनाव में जनता के बीच सरकार की उपलब्धियां के तौर पर पेश किए जाएंगे। जीत की दिशा के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य जनता में सरकार के कार्य करने की इच्छा शक्ति का विश्वास दिलाना है और कहीं ना कहीं मुख्यमंत्री धामी की सरकार इस काम में उत्तराखंड की जनता का दिल जीतने में सफल रही है। हालांकि अभी भी भू कानून एवं मूल निवास के मसले पर प्रदेश की जनता पूरी तरह से सरकार के रवैया से संतुष्ट नहीं है लेकिन माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में या लोकसभा चुनाव से पूर्व ही राज्य सरकार इस मुद्दे को लेकर बड़ा फैसला ले सकती है। इसके विपरीत कांग्रेस की तैयारी है अभी दूर–दूर तक नजर नहीं आ रही है और ना ही इस बात की सुगबुगाहट दिख रही है कि उत्तराखंड की लोकसभा पांचो सीटों पर कौन प्रत्याशी अपना दम कम दिखने वाले हैं। विधानसभा चावन के बाद से ही उत्तराखंड बीजेपी जहां एक तरफ लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी नजर आई है तो वहीं कांग्रेस के खेमे में ऐसा कोई उत्साह अभी तक देखने को नहीं मिला है। प्रत्याशियों की चेन को लेकर भी चर्चाओं का बाजार अभी दोनों ही पार्टियों में ठंडा पड़ा है उम्मीद है तो इस बात की भी नजर आने लगी है कि भाजपा भी कुछ सीटों पर नए प्रत्याशी खड़े कर सकती है तो वहीं कांग्रेस पूर्व विधायक रहे कुछ नेताओं को लोकसभा चुनाव लड़ा सकती है। ऐसा करने पर निश्चित तौर पर कुछ पुराने चेहरों की उम्मीदवारी खतरे में पड़ेगी। कांग्रेस का खेमा शांत नजर आ रहा है लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने अपने पदाधिकारी की बैठक बुलाकर लोकसभा चुनाव की तैयारी का संगठन स्तर पर बिगुल बजा दिया है। कांग्रेस को भी अब यह निश्चित करना होगा कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में किन मुद्दों और रणनीति को लेकर भाजपा के विजय रथ को रोकने के रास्ते तैयार करेगी और भाजपा के पांचो सीटों पर कब्जा करने की मुहिम को रोकेगी?

# ऑनलाइन शादियों की ठगी समझे, वेडिंग.कॉन देखें

**विनीत नारायण,**



आश्चर्य की बात यह है कि सम्भ्रांत परिवार की यह पढ़ी–लिखी महिलाएँ इस तरह ठगों के झाँसे में आ गईं कि पूरी तरह लुट जाने के पहले उन्होंने कभी अपने माता–पिता तक से इस विषय में सलाह नहीं ली और न ही उन्हें अपने आर्थिक लेन–देन के बारे में कभी कुछ बताया। शादी के मामले में सोशल मीडिया की सूचनाओं को और इसके माध्यम से संपर्क में आने वाले व्यक्तियों को तब तक सही न माने जब तक उनकी और उनके परिवार की पृष्ठभूमि की किसी समानांतर प्रक्रिया से जाँच न करवा लें।

जब से सोशल मीडिया का नेटवर्क पूरी दुनिया में फैला है तब से इसका उपयोग करने वालों की संख्या करोड़ों में बढ़ती हुई है। इसका लाभ यह है कि दुनिया के किसी भी कोने में बैठा व्यक्ति दूसरे छोर पर बैठे व्यक्ति से चौबीसों घंटे संपर्क में रह सकता है। फिर वो चाहे आपसी चित्रों का आदान–प्रदान हो, टेलीफोन वार्ता हो या कई लोगों की मिलकर ऑनलाइन मीटिंग हो। इसका एक लाभ उन लोगों को भी हुआ है जो जीवन साथी की तलाश में रहते हैं। फिर वो चाहे पुरुष हों या महिलाएँ।

हम सबकी जानकारी में ऐसे बहुत से लोग होंगे जिन्होंने इस माध्यम का लाभ उठा कर अपना जीवन साथी चुना है और सुखी वैवाहिक जीवन बिता रहे हैं। पर हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। अगर एक पहलू यह है तो दूसरा पहलू यह भी है जहां सोशल मीडिया का दुरुपयोग करके बहुत सारे लोगों को धोखा हुआ है और आर्थिक व मानसिक यातना भी झेलनी पड़ी है।

भारत में किसी अविवाहित महिला का जीवन जीना आसान नहीं होता। उस पर समाज और परिवार का भारी दबाव रहता है कि वो समय रहते शादी करे। चूँकि आजकल शहरों की लड़कियाँ काफ़ी पढ़–लिख रही हैं और अच्छी आमदनी वाली नौकरियाँ भी कर रही हैं इसलिए प्रायः ऐसी महिलाएँ केवल माता–पिता के सुझाव को मान कर पुराने ढर्रे पर शादी नहीं करना चाहती। वे अपने कार्य क्षेत्र में या फिर सोशल मीडिया पर अपनी पसंद का जीवन साथी ढूँढती रहती हैं। इसके साथ ही ऐसी महिलाओं की संख्या कम नहीं है जो कम उम्र में तलाकशुदा हो गईं या विधवा हो गईं। इन महिलाओं के पास भी अपने गुज़ारे के लिए आर्थिक सुरक्षा तो ज़रूर होती है परन्तु भावनात्मक असुरक्षा के कारण इन्हें भी फिर से जीवन साथी की तलाश रहती है।

इन दोनों ही क़िस्म की महिलाओं को दुनिया भर में बैठे ठग अक्सर मूर्ख बना कर मोटी रक़म ऐंठ लेते हैं। बिना शादी किए ही इनकी ज़िंदगी बर्बाद कर देते हैं। ऐसी ही कुछ सत्य घटनाओं पर आधारित बीबीसी की एक वेब सीरीज 'वेडिंग.कॉन' इसी हफ़्ते ओटीटी प्लेटफ़ार्म आमेजन प्राइम पर जारी हुई है। यह सीरीज इतनी प्रभावशाली है कि इसे हर उस महिला को देखना चाहिए जो सोशल मीडिया पर जीवन साथी की तलाश में जुटी हैं। बॉलीवुड की मशहूर निर्माता–निर्देशक तनुजा चंद्रा ने बड़े अनुभवी और योग्य फ़िल्मकारों की मदद से इसे बनाया है।

इस सिरीज़ में जिन महिलाओं के साथ हुए हादसे दिखाए गए हैं उनमें से एक विधवा महिला तो अपनी मेहनत की कमाई का लगभग डेढ़ करोड़ रुपया उस व्यक्ति पर लुटा बैठी जिसे उसने कभी देखा तक न था। इसी तरह एक दूसरी महिला ने पचास लाख रुपये गंवाए तो तीसरी महिला ने बाईस लाख रुपये। चिंता की बात यह है कि ये सभी महिलाएँ खूब पढ़ी–लिखी, संपन्न परिवारों से और प्रोफेशनल नौकरियों में जमी हुई थीं। शादी की चाहत में सोशल मीडिया पर ये ऐसे लोगों के जाल में फँस गईं जिन्होंने अपनी असलियत छिपा कर शादी की वेब साइटों पर नक़ली प्रोफाइल बना रखे थे।

ये ठग इस हुनर में इतने माहिर थे कि उनकी भाषा और बातचीत से इन महिलाओं को रत्ती भर भी शक नहीं हुआ। वे बिना मिले ही उनके जाल में फँसती गईं और उनकी भावुक कहानियाँ सुन कर अपने ख़ून–पसीने की कमाई उनके खातों में ट्रांसफर करती चली गईं। इन महिलाओं को कभी यह लगा ही नहीं कि सामने वाला व्यक्ति कोई बहरूपिया या ठग है और वो बनावटी प्यार जता कर इन्हें अपने जाल में फँसा रहा है। इनमें से दो व्यक्ति तो ऐसे निकले जो तीस से लेकर पचास महिलाओं को धोखा दे चुके थे। तब कहीं जा कर पुलिस उन्हें पकड़ पाई।

आश्चर्य की बात यह है कि सम्भ्रांत परिवार की यह पढ़ी–लिखी महिलाएँ इस तरह ठगों के झाँसे में आ गईं कि पूरी तरह लुट जाने के पहले उन्होंने कभी अपने माता–पिता तक से इस विषय में सलाह नहीं ली और न ही उन्हें अपने आर्थिक लेन–देन के बारे में कभी कुछ बताया।

जब इन्हें यह अहसास हुआ कि वे किसी आधुनिक ठग के जाल में फँस चुकी हैं तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत। इस अप्रत्याशित परिस्थिति ने उन्हें ऐसा सदमा दिया कि कुछ तो अपने होशोहवास ही गँवा बैठी। उनके माता–पिता को जो आघात लगा वो तो बयान ही नहीं किया जा सकता। फिर भी इनमें से कुछ महिलाओं ने हिम्मत जुटाई और पुलिस में शिकायत लिखवाने का साहस दिखाया। फिर भी ये ज़्यादातर ठगों को पकड़वा नहीं सकीं।साइबर क्राइम से जुड़े पुलिस के बड़े अधिकारी और साइबर क्राइम के विशेषज्ञ वकील ये कहते हैं कि मौजूदा क़ानून और संसाधन ऐसे ठगों से निपटने के लिए नाकाफ़ी हैं। इनमें से भी जो ठग विदेशों में रहते हैं उन तक पहुँचना तो नामुमकिन है। क्योंकि ऐसे ठगों का प्रत्यर्पण करवाने के लिए भारत की दूसरे देशों से द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि नहीं है। देसी ठगों को भी पकड़ना इतना आसान नहीं होता क्योंकि वह फ़र्ज़ी पहचान, फ़र्ज़ी आधार कार्ड, फ़र्ज़ी पैन कार्ड, फ़र्ज़ी टेलीफोन नंबर का प्रयोग करते हैं और अपने मक़सद को हासिल करने के बाद इन सबको नष्ट कर देते हैं।

इस सिरीज़ की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि यह करोड़ों भारतीय महिलाओं को बहुत गहराई से ये समझाने में सफल रही है कि शादी के मामले में सोशल मीडिया की सूचनाओं को और इसके माध्यम से संपर्क में आने वाले व्यक्तियों को तब तक सही न माने जब तक उनकी और उनके परिवार की पृष्ठभूमि की किसी समानांतर प्रक्रिया से जाँच न करवा लें। कोई कितना भी प्रेम क्यों न प्रदर्शित करे, अपने वैभव का कितना भी प्रदर्शन क्यों न करे उसे एक पैसा भी शादी से पहले किसी क़ीमत पर न दें।

# सडक़ हादसों के लिए कठोर कानून तो चाहिए ही, लेकिन यह भी समझे सरकार

हाईवे जाम करके आपूर्ति रोकना अचानक फ्लैश मॉब की तरह नहीं हुआ। अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने दिसंबर के अंत में भारत की नई दंड संहिता बीएनएस में हिट–एंड–रन एक्सिडेंट्स के लिए अधिकतम 10 साल की जेल और 7 लाख के जुर्माने की समीक्षा का अनुरोध किया था। दूसरी तरफ, उसने ट्रक चालकों से भी धैर्य रखने की अपील की थी। लेकिन ट्रक ड्राइवरों ने इस अपील को बिल्कुल भाव नहीं दिया और हड़ताल शुरू कर दी। मंगलवार को सरकार के साथ बातचीत के बाद हड़ताल वापस ले ली गई। केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया कि नए कानून लागू होने से पहले हितधारकों के साथ परामर्श किया जाएगा।

प्रमुख निकाय और ट्रक चालकों को डर था कि हिट–एंड–रन मामलों में विशेष रूप से हाईवे प पुलिस शायद ही कभी जांच करती है, बस ट्रक चालकों को ही दोषी मानती है। ऐसे मामलों की जांच कैसे की जाए, इस पर कोई मानक प्रक्रिया (एसओपी) नहीं है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक अगर मौके पर रुके तो आग–बबूला हुए स्थानीय लोग उसके साथ क्या करेंगे, इसका कुछ अंदाजा नहीं रहता है। इस खौफ से ट्रक ड्राइवर एक्सिडेंट को रिपोर्ट करवाने के लिए मौके पर रुकने की बजाय किसी तरह जान बचाकर निकलने को प्राथमिकता देते हैं। इस पर सरकार ने कहा कि कानून में कहीं नहीं लिखा है कि दुर्घटना की सूचना साइट से ही देनी चाहिए। एसोसिएशन का मानना है कि एक तो ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर में ड्राइवरों की 27त्न कमी है, ऊपर से 10 साल की जेल की सजा का प्रावधान लोगों के इस सेक्टर से जुडऩे से रोकेगा। बहरहाल, ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल से देश के सप्लाई चेन की जीवन रेखा बाधित हो गई। उम्मीद है आज से पेट्रोल–डीजल समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति फिर से शुरू हो जाएगी। लेकिन क्या कानून को दोष देना चाहिए: ट्रक चालकों की दलीलों में दम तो है, लेकिन कानून को दोष देना उनकी परेशानियों का समाधान नहीं है। एक सख्त कानून की जरूरत है। सडक़ दुर्घटनाओं में भारत दुनिया में सबसे आगे है। वर्ष 2022 में हिट एंड रन मामलों में लगभग 59 हजार लोग मारे गए, जो सडक़ हादसों में कुल मौतों का लगभग 30 प्रति. है।


# छींक या खांसी रोकना कैसे हो सकता है खतरनाक, किसे होता है सबसे ज्यादा खतरा

सर्दी या जुकाम होने के बाद छींक आना काफी आम होता है, कई लोगों को काफी ज्यादा छींक आती हैं, जिससे वो परेशान हो जाते हैं. हालांकि कई बार बिना जुकाम के भी छींक आ जाती हैं, अक्सर एक के बाद दूसरी छींक भी तुरंत आती है. ऐसे में कई लोग अपनी छींक को आने से रोक लेते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि ऐसा करना आपकी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है? आइए हम आपको बताते हैं कि कैसे...

अक्सर छींकने से बचते हैं लोग

दरअसल कुछ लोग नहीं चाहते हैं कि ऑफिस या फिर लोगों के सामने वो जोर से छींक मारें, इसीलिए वो अपनी छींक को रोक लेते हैं. कोरोना महामारी के दौरान ये परेशानी और भी ज्यादा बढ़ गई थी, जब किसी के भी सामान्य तौर पर छींकने पर लोग उसकी तरफ घूरने लगते थे और दूरी बना लेते थे. ऐसे में लोग अपनी छींक को रोकना ही ठीक समझते थे.

छींक रोकने पर क्या होता है?



अब बात करते हैं कि आखिर छींक आने से रोकना क्यों खतरनाक हो सकता है और डॉक्टर ऐसा हर बार नहीं करने की सलाह क्यों देते हैं... दरअसल जब हम खांसते या फिर छींकते हैं तो शरीर में दबाव होता है, इससे फेफड़ों पर प्रेशर पड़ता है. ऐसे में अगर कोई छींक रोकता है तो ये दबाव 10 गुना ज्यादा बढ़ जाता है. ऐसे में शरीर के कमजोर हिस्सों में प्रेशर पडऩे से घाव हो सकता है. इससे कान और आंखों पर भी असर पड़ सकता है. यही वजह है कि हर बार छींक या फिर खांसी को रोकना खतरनाक हो सकता है. इसीलिए अगर आपको छींक आ रही है तो आप रुमाल या फिर हाथ लगाकर छींक सकते हैं.

डॉक्टरों का कहना है कि एक स्वस्थ मनुष्य का शरीर इतना दबाव झेलने के लिए तैयार रहता है, लेकिन समस्या उन लोगों को हो सकती है जिनके शरीर में कमजोरी है. खासतौर पर शराब या सिगरेट पीने वाले लोगों के लिए छींक को रोकना खतरनाक हो सकता है, ऐसा करने से उनकी सांस की नली या फिर फेफड़ों पर असर पड़ सकता है.

# जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरी मोदी सरकार, चुनाव में बाहर का रास्ता दिखाना जरूरी: खड़गे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को नाकारा करार देते हुए कहा कि 10 साल के कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) सरकार के नाम कोई उल्लेखनीय उपलब्धि नहीं है और उसने कांग्रेस के आधुनिक भारत बनाने के प्रयास को नजरअंदाज कर देश का बड़ा नुकसान किया है। खड़गे ने आज यहां पार्टी मुख्यालयों में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्षों, विधायक दल के नेताओं तथा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरी है इसलिए 2024 के आम चुनाव में उसे बाहर का रास्ता दिखाना जरूरी है।

उन्होंने कहा, "भाजपा सरकार ने पिछले 10 साल में एक भी ऐसा काम नहीं किया है जिसे मील का पत्थर कहा जा सके। वे कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के जमाने की योजनाओं का नाम और रूप बदलने का काम करते रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और बड़े संस्थाओं को बेच रहे हैं। देश की लाइफलाइन रेलवे से लेकर हर संस्थान को तबाह किया है। ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी संस्थाओं का खुलेआम दुरुपयोग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का आज तक मणिपुर न



जाना बताता है कि ये राष्ट्रीय सवालों पर कितने गैर जिम्मेदारी से काम करते हैं।"

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, "मोदी सरकार आधुनिक भारत बनाने में कांग्रेस के योगदान को नजरंदाज करने का लगातार प्रयास कर रही है। हमें उनको ठोस जवाब देना है।

पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कई जरूरी काम किए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए संगठन को तैयार करने के लिए 28 राज्यों के नेताओं के साथ विस्तार से बैठक की है। रात-दिन परिश्रम करके 2024 के के चुनावों में हम लोग वैकल्पिक सरकार देने में सक्षम होंगे। जहां हम कमजोर हैं वहां कुछ खास जनाधार वाले लोगों और सीटों की पहचान होनी चाहिए।"

उन्होंने कहा कि पार्टी चुनाव के लिए तैयार है। मेफ़िया और सोसियल मीडिया का कंट्रोल रूम बन गया है। प्रदेश संगठनों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने की जरूरत होगी और इससे मदद मिलेगी। सरकार मनमानी कर रही है। हाल में संसद का शीतकालीन सत्र हुआ जिसमें इतिहास में पहली बार 146 सांसदों का अलोकतांत्रिक तरीके से निलम्बन किया गया। चर्चा के बिना बिलों को पास करा लिया। बिना सोचे समझे पास बिलों का विभिन्न क्षेत्रों में विरोध भी शुरू हो गया है और उनके खराब परिणाम भी नज़र आने लगे हैं। भाजपा के सारे हमले कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर हो रहे हैं जबकि एनडीए नाममात्र का रह गया है। इंडिया गठबंधन में जमीन से जुड़ी प्रमुख पार्टियां हैं, जिनके पास मजबूत कैडर, आधार और विचारधारा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "भाजपा10 साल के अपनी सरकार की विफलताओं पर परदा डालने के लिए भावनात्मक मुद्दों को आगे कर रही है।

हर मुद्दे में वे जानूबूझ कर कांग्रेस को शामिल करते हैं। हमें एकजुट होकर लोगों के सामने जमीनी मुद्दों पर भाजपा के झूठ, फरेब और गलत बातों का मुंहतोड़ जवाब देना है। अब राहुल गांधी जी के नेतृत्व में 14 जनवरी से पूरब से पश्चिम तक भारत न्याय यात्रा शुरू होगी।

मणिपुर से मुंबई तक 6200 किमी लंबी ये यात्रा 20 मार्च को समाप्त होगी। यात्रा 14 राज्यों और 85 जिलों से गुजरेगी और इस यात्रा से हम सामाजिक न्याय और जनता के मूल सवालों जैसे महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और मजदूरों की बुरी हालत, अमीर-गरीब की बढ़ती खाई और जातिगत जनगणना आदि पर जन जागरण करेंगी। यह यात्रा सामाजिक न्याय के मुद्दों को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में लाएगी, ऐसा हमें भरोसा है।"

## इजराइल की शीर्ष अदालत ने नेतन्याहू को पद से हटाने वाले कानून में की देरी

**जेरूसलम ,एजेंसी।** इजराइल के सुप्रीम कोर्ट ने एक विवादास्पद कानून को लागू करने में देरी कर दी है, इसका उद्देश्य प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को पद के लिए अयोग्य घोषित करने से रोकना है। 6-5 वोटों से, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने बुधवार को फैसला सुनाया कि अक्षमता कानून को लागू होने से अगले चुनावों तक विलंबित किया जाएगा। यह फैसला इज़राइल के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले नेता नेतन्याहू को कानून से लाभ उठाने से रोकता है। अगले चुनाव लगभग दो साल बाद होने की उम्मीद है, लेकिन यह पहले भी हो सकते हैं नेतन्याहू के गठबंधन के प्रभुत्व वाली इज़रायली संसद या केनेसट ने इज़रायल की न्याय प्रणाली को नया आकार देने की सरकार की विवादास्पद योजना के हिस्से के रूप में मार्च 2023 में कानून पारित किया। कानून नेतन्याहू को हितों के टकराव के मामलों में अटॉर्नी जनरल द्वारा पद के लिए अयोग्य घोषित किए जाने से बचाता है।भ्रष्टाचार के तीन अलग-अलग मामलों में आपराधिक मुकदमे का सामना करते हुए नेतन्याहू कानूनी व्यवस्था में सुधार के लिए काम कर रहे हैं। नेतन्याहू ने फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं की।

## अमेरिका के विशेष दूत अमोस होचस्टीन आज पहुंचेंगे इजराइल

**तेल अवीव ,एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के विशेष ऊर्जा दूत अमोस होचस्टीन गुरुवार को यहां पहुंचने वाले हैं और प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योव गैलेंट सहित शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। होचस्टीन की यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब लेबनान में हमास के उप पोलित ब्यूरो प्रमुख सालेह अल-अरौरी की हत्या के मद्देनजर अमेरिका इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव को कम करने के प्रयास तेज कर रहा है। बेरूत के दक्षिणी उपनगर में हमास के एक कार्यालय को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में अल-अरौरी और उसके छह सहयोगी मारे गए। हालांकि इज़राइल ने आधिकारिक तौर पर हत्या की जिम्मेदारी नहीं ली है। हमास और हिजबुल्लाह दोनों ने हमले को अंजाम देने के लिए यहूदी राष्ट्र को दोषी ठहराया है।अमेरिका ने हाल के दिनों में, यहूदी राष्ट्र की उत्तरी सीमा पर इज़राइल रक्षा बलों और हिजबुल्लाह के बीच सीमा पार हिंसा को बढ़ने से रोकने के लिए मध्य पूर्व में अपने सहयोगियों और अन्य को संदेश भेजे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि उन्होंने संदेश देने के लिए निवारक और कूटनीतिक कदम उठाए हैं।

# देश का राजनीतिक परिदृश्य बदलेगी राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' : जयराम रमेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने गुरुवार को कहा पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में दक्षिण से उत्तर को हुई भारत जोड़ो यात्रा के बाद पूरब से पश्चिम की तरफ होने वाली भारत जोड़ो न्यायाध यात्रा मिल का पत्थर साबित होगी और इससे देश का राजनीतिक पर दृश्य बदलेगा। कांग्रेस संचार विभाग की प्रभारी जय राम रमेश ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा राहुल गांधी ने एक महत्वपूर्ण बैठक की है जिसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता मौजूद रहे। बैठक में श्री 2024 के चुनावों की तैयारी और श्री गांधी की मणिपुर से मुंबई के बीच निकाली जा रही यात्रा पर चर्चा हुई। राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक इससे पहले 4000 किमी. लंबी 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाली गई थी।

उन्होंने कहा, "भारत जोड़ो यात्रा' ने पूरे देश का माहौल बदल दिया था और कांग्रेस



के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भर दी थी। ये यात्रा पार्टी और देश के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुई। आज की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 14 जनवरी से होने वाली राहुल गांधी की इस यात्रा का नाम 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' होगा। भारत जोड़ो यात्रा ने देशभर में जो संदेश दिया, हम उसे इस यात्रा की मदद से आगे बढ़ाएंगे।"

जयराम रमेश ने कहा, "राहुल जी इस यात्रा के दौरान सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पर अपने विचार जनता के सामने रखेंगे।

राहुल जी इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पर अपने विचार जनता के सामने रखेंगे।" भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रूट बताते हुए उन्होंने कहा, "यात्रा मणिपुर से मुंबई 14 जनवरी-20 मार्च तक होगी। यात्रा मणिपुर` 107 किमी एक दिन में तय ।

नागालैंड में 257 किमी 2 दिन, असम में 833 किमी 8 दिन, अरुणाचल प्रदेश 55 किमी एक दिन, मेघालय 5 किमी एक दिन, पश्चिम बंगाल 523 किमी दिन, बिहार 425 किमी दिन, झारखंड 804 किमी दिन, ओडिशा 341 किमी दिन, छत्तीसगढ़ 536 किमी उत्तर प्रदेश 1,074 किमी 11 दिन, मध्य प्रदेश 698 किमी ,सात दिन, राजस्थान 128 किमी ,एक दिन, गुजरात 445 किमी, पांच दिन और महाराष्ट्र 480 किमी,चार दिन रहने के बाद 20 मार्च को खत्म हो जाएगी।

## कोरोना ने फिर बढ़ा दी टेंशन, बीते 24 घंटों में आए 760 नए मामले, 2 लोगों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कोरोना के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ना शुरू हो गए हैं। बीते 24 घंटों के दौरान देश में कोरोना के 760 नए मामले सामने आए हैं, वहीं दो मरीजों की कोरोना से मौत हुई है। इसमें से एक मौत केरल और एक मौत कर्नाटक में हुई है। कोरोना के नए मामलों के साथ साथ ही देश में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4423 हो गई है। वहीं एक दिन में कोरोना वायरस से 775 मरीज ठीक हुए हैं। फिलहाल केरल और कर्नाटक, दो राज्यों में संक्रमितों के सबसे अधिक मामले हैं।वहीं, कोरोना का नए वेरिएंट जेएन 1 देश के 11 राज्यों में फैल चुका है। इस नए वेरिएंट की संख्या बढ़कर 511 हो गई है। इसमें से सबसे अधिक मामले कर्नाटक में दर्ज किए गए हैं। खठ-1 के कर्नाटक में 199, केरल 148, गोवा 47, गुजरात 36, महाराष्ट्र 32, दमिलनाडु 26, दिल्ली 15, राजस्थान 4, तेलंगाना 2 और ओडिशा और हरियाणा में एक एक मामला सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से एहतियात बरतने की सलाह दी है। बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को संक्रमण पर निरंतर निगरानी बनाए रखने के लिए कहा है।

# स्थापत्य के लिहाज से अनूठा है राम मंदिर, 161 फीट ऊंचे भवन में नहीं हुआ लोहे का इस्तेमाल

**अयोध्या , (एजेंसी)।** अयोध्या में राम मंदिर स्थापत्य कला का अद्वितीय उदाहरण है। परम्परागत नागर शैली में बनाये जा रहे राम मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट तथा ऊंचाई 161 फीट रहेगी। तीन मंजिला राम मंदिर में प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई 20 फीट रहेगी। मंदिर में कुल 392 खंभे और 44 द्वार होंगे। इस निर्माण का अनोखापन यह है कि इसके जमीन से ऊपर के ढांचे में कहीं भी लोहे का इस्तेमाल नहीं हुआ है। हालांकि, मंदिर के नीचे 14 मीटर मोटी रोलर कॉम्पेक्टेड कंक्रीट (आरसीसी) बिछाई गई है। इसे कृत्रिम चट्टान का रूप दिया गया है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी गई जानकारी के अनुसार, अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की विशेषता के बारे में बताया गया है। मंदिर परम्परागत नागर शैली में बनाया जा रहा है। मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट तथा ऊंचाई 161 फीट रहेगी। मंदिर तीन मंजिला रहेगा। प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई 20 फीट रहेगी। मंदिर में कुल 392 खंभे व 44 द्वार होंगे। मुख्य गर्भगृह में प्रभु श्रीराम का बालरूप (श्रीरामलला सरकार का विग्रह), तथा प्रथम तल पर श्रीराम दरबार होगा।

आगे जानकारी में बताया गया है कि मंदिर में 5 मंडप होंगे : नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना मंडप व कीर्तन मंडप। इसके साथ ही खंभों व दीवारों में देवी देवता तथा देवांगनाओं की मूर्तियां उकेरी जा रही हैं। मंदिर में प्रवेश पूर्व दिशा से, 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंहद्वार से होगा। दिव्यांगजन एवं वृद्धों के लिए मंदिर में रैम्प व लिफ्ट की व्यवस्था रहेगी। मंदिर के चारों ओर चारों ओर आयताकार परकोटा रहेगा। चारों दिशाओं में इसकी कुल लंबाई 732 मीटर तथा चौड़ाई 14 फीट होगी।

परकोटा के चारों कोनों पर सूर्यदेव, मां भगवती, गणपति व भगवान शिव को समर्पित चार मंदिरों का निर्माण होगा। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा, व दक्षिणी भुजा में हनुमान जी का मंदिर रहेगा। ट्रस्ट की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार, मंदिर के समीप पौराणिक काल का सीताकूप विद्यमान रहेगा। मंदिर परिसर में प्रस्तावित अन्य मंदिर- महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषादराज, माता शबरी व ऋषिपत्नी देवी अहिल्या को समर्पित होंगे।

आगे बताया गया है कि दक्षिण पश्चिमी भाग में नवरत्न कुबेर टीला पर भगवान शिव के प्राचीन मंदिर का जीणोद्धार किया गया है एवं तथा वहां जटायु प्रतिमा की स्थापना की गई है। मंदिर में लोहे का प्रयोग नहीं होगा। धरती के ऊपर बिलकुल भी कंक्रीट नहीं है। मंदिर के नीचे 14 मीटर मोटी रोलर कॉम्पेक्टेड कंक्रीट (आरसीसी) बिछाई गई है। इसे कृत्रिम चट्टान का रूप दिया गया है। मंदिर को धरती की नमी से बचाने के लिए 21 फीट ऊंची प्लिंथ ग्रेनाइट से बनाई गई है। मंदिर परिसर में स्वतंत्र रूप से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, अग्निशमन के लिए जल व्यवस्था तथा स्वतंत्र पॉवर स्टेशन का निर्माण किया गया है, ताकि बाहरी संसाधनों पर न्यूनतम निर्भरता रहे। 25 हजार क्षमता वाले एक दर्शनार्थी सुविधा केंद्र का निर्माण किया जा रहा है, जहां दर्शनार्थियों का सामान रखने के लिए लॉकर व चिकित्सा की सुविधा रहेगी।

## राजस्थान-हरियाणा में 31 ठिकानों पर एनआईए की रेड, इस मर्डर केस में खंगाले ठिकाने, संदिग्ध दबोचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी मर्डर केस में एनआईए ने बुधवार को हरियाणा और राजस्थान में 31 जगहों पर छापामारी की। रिपोर्ट के मुताबिक, एनआईए ने हरियाणा और राजस्थान में व्यापक छापामारी के दौरान एक मुख्य संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही गोगामेड़ी हत्याकांड मामले में अब तक गिरफ्तारियों की संख्या नौ हो गई है। बताया जाता है कि एनआईए की कई टीमों ने दोनों ही राज्यों में स्थानीय पुलिस बल के साथ मिलकर विभिन्न ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया।बता दें कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की पांच दिसंबर को राजस्थान के जयपुर में उनके आवास पर तीन शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# रोहित शर्मा की टीम इंडिया ने रचा इतिहास, दक्षिण अफ्रीका में ऐसा करने वाली पहली एशियाई टीम बनी






**केपटाउन, एजेंसी।** भारत ने केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में जीत हासिल कर इतिहास रच दिया। भारत ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में सात विकेट से मेजबान टीम को हराया। दक्षिण अफ्रीका ने सेंचुरियन में पहला टेस्ट पारी और 32 रन से जीतकर सीरीज में 1–0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली थी। भारत ने दूसरे मैच में वापसी की और सीरीज को 1–1 से ड्रॉ कराया। टीम इंडिया अब तक दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाई है।

केपटाउन के न्यूलैंड्स ग्राउंड पर भारत पहली बार कोई टेस्ट मैच जीता है। 31 सालों का इंतजार आखिरकार समाप्त हुआ। यह केपटाउन में सिर्फ भारत की नहीं, बल्कि किसी भी एशियाई टीम की पहली जीत है। पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश अब तक यहां नहीं जीत पाया।

**दक्षिण अफ्रीका के चौथे मैदान पर भारत की जीत**

दक्षिण अफ्रीका में भारत की यह पांचवीं टेस्ट जीत है। उसे पहली बार 2006 में जीत मिली थी। तब टीम इंडिया ने जोहान्सबर्ग में मेजबानों को 123 रन से हराया था। केपटाउन दक्षिण अफ्रीका का ऐसा चौथा मैदान है जहां भारत को जीत मिली है। इससे पहले जोहानिसबर्ग, डरबन और सेंचुरियन में सफलता हासिल हुई है।

**दक्षिण अफ्रीका में भारत की टेस्ट जीत**

| साल | जगह | नतीजा |
|---|---|---|
| 2006 | जोहान्सबर्ग | 123 रन से जीता |
| 2010 | डरबन | 87 रन से जीता |
| 2018 | जोहान्सबर्ग | 63 रन से जीता |
| 2021 | सेंचुरियन | 113 रन से जीता |
| 2024 | केपटाउन | सात विकेट से जीता |

**भारत के खिलाफ बने सिर्फ 231 रन**

इस मैच में दोनों पारियों को मिलाकर दक्षिण अफ्रीका ने कुल 231 रन ही बनाए। भारत के खिलाफ किसी एक टेस्ट मैच की दो पारियों में उसके द्वारा बनाए गए सबसे कम रन हैं। इस मामले में वह पांचवें स्थान पर है। इंग्लैंड की टीम 2021 में दो पारियों में सिर्फ 193 रन ही बना सकी थी। 2018 में अफगानिस्तान की टीम बेंगलुरु में 212 रन, 2021 में न्यूजीलैंड की टीम मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 229 और 1986 में इंग्लैंड की टीम लीड्स में 230 रन ही दोनों पारियों में बना सकी थी।

**मैच में क्या हुआ?**

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। उनका निर्णय गलत साबित हुआ। पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका की टीम 55 रन पर ही सिमट गई थी।

उसके बाद भारत 153 रन पर ऑलआउट हो गया था। दोनों टीमों की पहली पारी मैच के पहले दिन ही समाप्त हो गई थी। मुकाबले के दूसरे दिन मेजबानों ने दूसरी पारी में 173 रन बनाए। इस तरह भारत को 79 रन का लक्ष्य मिला। उसने तीन विकेट के नुकसान पर इसे हासिल कर लिया।

## ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में प्लिस्कोवा ने ओसाका को हराया

**ब्रिस्बेन ,एजेंसी।** तीन बार की चैंपियन कैरोलिना प्लिस्कोवा ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के दूसरे दौर में नाओमी ओसाका को 3–6, 7–6(4), 6–4 से हरा दिया, जिससे ओसाका की डब्ल्यूटीए टूर में वापसी खराब रही। जुलाई 2023 में अपनी बेटी शाई को जन्म देने के बाद ओसाका सितंबर 2022 के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही थी। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका ने वापसी करते हुए तमारा कोरपात्श के खिलाफ अपना पहला राउंड मैच जीता। चेक गणराज्य की प्लिस्कोवा इस टूर्नामेंट की एकमात्र तीन बार की चैंपियन हैं, जिन्होंने 2017, 2019 में ट्रॉफी जीती थी और जब डब्ल्यूटीए कार्यक्रम आखिरी बार 2020 में क्वींसलैंड टेनिस सेंटर में आयोजित किया गया था। दो पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाडि़यों के बीच लड़ाई में यह प्लिस्कोवा थी जिसने 2 घंटे और 14 मिनट के बाद वापसी करते हुए राउंड 16 में प्रवेश किया। एक सेट से पिछड़ने के बावजूद, प्लिस्कोवा जापानी स्टार के साथ एक और करीबी मुकाबले को पलटने में सफल रही, जिससे उनकी बढ़त 4–2 हो गई। प्लिस्कोवा, जिन्हें इस सप्ताह एक वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में पहले दौर में बाई मिली थी। उन्होंने अब ब्रिस्बेन में अपने आखिरी 10 मैच जीते हैं।

## 67वीं राष्ट्रीय शालेय मलखंब प्रतियोगिता आठ जनवरी से उज्जैन में

**उज्जैन ,एजेंसी।** मध्यप्रदेश के उज्जैन में 67वीं राष्ट्रीय साले मलखंब प्रतियोगिता 08 जनवरी से प्रारंभ होगी। इसमें 20 राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी आनन्द शर्मा बताया कि आठ से 12 जनवरी तक होने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के 900 छात्र–छात्रा खिलाडि़यों भाग लेंगे और यह प्रतियोगिता 14 वर्ष, 17 वर्ष और 19 वर्ष आयु समूह के मध्य आयोजित की जायेगी।उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मन्दिर महाकालपुरम माधव सेवा न्यास भारत माता मन्दिर के पास होगी। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, केरल, चंडीगढ़, आन्ध्र प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु, पांडुचेरी सहित 20 राज्यों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

## आईसीसी ने किया फील्डिंग टीम की नाक में दम

नई दिल्ली। आईसीसी ने एक बार फिर क्रिकेट के नियमों में एक अहम बदलाव किया है। आईसीसी ने स्टंपिंग के नियमों में बदलाव किया है। स्टंपिंग को लेकर अब खिलाड़ी जितने भी डीआरएस के लिए अपील करेंगे वह सभी फैसले साइड–ऑन कैमरों को देखकर लिए जाएंगे।

आईसीसी का नया नियम–

ऐसे में अब स्टंप्स के सामने और पीछे के कैमरों को देखकर फैसला नहीं लिया जाएगा। इसमें गेंद अगर स्टंप्स को लगी होगी तो इस आधार पर फैसला लिया जाएगा। यह नियम 12 दिसंबर 2023 से लागू किया गया है। ऐसे में अगर किसी टीम को स्टंप्स के पीछे का कैच (कैच–बिहाइंड) देखना है तो उसके लिए टीम को अलग से डीआरएस की अपील करनी होगी।

**एलेक्स कैरी के एक फैसले से मिला आईसीसी को ये आइडिया–**

पिछले साल की शुरुआत में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की सीरीज में विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने स्टंपिंग के बाद डीआरएस रिव्यू के खत्म होने से पहले कैच बिहाइंड को देखने के लिए अलग से रिव्यू की अपील की थी। ऐसे में अब आईसीसी के बदले नियम के अनुसार अब स्टंपिंग की अपील पर सिर्फ साइड–ऑन कैमरे की फोटो दिखाई जाएगी और अंपायर भी इन पर ही गौर करेंगे।

**क्या बोला आईसीसी–**

आईसीसी ने एक बयान के दौरान कहा कि नए नियम के बदलाव के अनुसार स्टंपिंग का रिव्यू केवल स्टंप्स तक ही सीमित होगा।

# भारतीय महिला टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हर विभाग में करना होगा सुधार



नई दिल्ली। इस साल होने वाले टी–20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से तीन मैचों की टी–20 सीरीज खेलेगी। इस दौरान टीम खेल के हर विभाग में सुधार करने की कोशिश करेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम में काफी सुधार की जरूरत है, क्योंकि उसने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज 0–3 से गंवाई थी, जबकि इंग्लैंड ने भी उसे तीन मैच की टी–20 सीरीज में हराया था।

भारत ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक–एक टेस्ट मैच जीते, लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में अभी टीम को काफी कुछ करने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में भारतीय टीम का फील्डिंग अच्छी नहीं रही थी और उसे तीन रन से हार का सामना करना पड़ा था, जबकि तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के आठ विकेट पर 338 रन के जवाब में भारतीय बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और पूरी टीम 148 रन पर आउट हो गई।

गेंदबाजों को देना होगा जवाब

जहां तक पहले वनडे की बात है तो उसमें गेंदबाज नहीं चल पाए थे। भारतीय टीम ने अंतिम दो वनडे में कम से कम आठ कैच छोड़े थे। इसके अलावा निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) को लेकर किए गए, उसके फैसले भी सही नहीं रहे। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत की फार्म भी चिंता का विषय है। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे में केवल 17 रन बना पाई थी।

जेमिमा–ऋचा पर होंगी सभी की निगाहें

जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अन्य प्रमुख बल्लेबाज नहीं चल पाए। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना लगातार अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पा रही हैं। मंधाना के साथ वनडे सीरीज में यास्तिका भटिया ने पारी की शुरुआत की थी। यह देखना होगा की टीम प्रबंधन भाटिया पर भरोसा बनाए रखता है या फिर उनकी जगह शेफाली वर्मा को मौका देता है।

## दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड में कमजोर टीम भेजना टेस्ट क्रिकेट के लिए खतरे की घंटी: हॉकले

**सिडनी, एजेंसी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉकले ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड में कमजोर टीम भेजना टेस्ट के लिए खतरे की घंटी है।

हॉकले ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड में एक कमजोर टीम भेजना टेस्ट क्रिकेट के लिए खतरे की घंटी है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत जैसे तीन बड़े देशों के इतर भी टेस्ट क्रिकेट को प्रासंगिक बनाए रखा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट के भविष्य और उसके ऊपर चल रही चर्चाओं को ध्यान में रखते हुए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में कम से कम तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेले जाने की वकालत करने की तैयारी कर रही है।

# सीनियर आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स नेशनल : दीपा कर्माकर चमकीं, रेलवे ने महिला टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता

**भुवनेश्वर ,एजेंसी।** ओलंपियन दीपा कर्माकर ने सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैंपियनशिप 2024 के दूसरे दिन ऑलराउंड प्रदर्शन में कुल 49.55 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला टीम वर्ग में रेलवे 182.60 अंकों के साथ चैंपियन बनी।

भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम स्थित जिम्नास्टिक सेंटर में दूसरे दिन महिला वर्ग में महाराष्ट्र 169.95 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि पश्चिम बंगाल 166.80 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान ओडिशा 164.65 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। पदक समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधीर मितल मौजूद थे। त्रिपुरा का प्रतिनिधित्व कर रहीं दीपा ने कुल 49.55 अंक हासिल किए। उन्होंने वॉल्ट पर 13.40, अनइवन बार्स पर 10.65, बैलेंस बीम पर 13.10 और फ्लोर एक्सरसाइज पर 12.40 रिकॉर्ड किया।

ऑल–अराउंड श्रेणी में शीर्ष पर रहने पर खुशी जताते हुए दीपा ने कहा, मैं आठ साल बाद सीनियर नेशनल में प्रतिस्पर्धा कर रही हूं, मुझे इससे बहुत अच्छा लग रहा है, और मैं अपने आज के प्रदर्शन से वास्तव में खुश हूं। मैं कल अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगी। उन्होंने कहा, यहां जिमनास्टिक सेंटर देखना वाकई बहुत अच्छा है और मुझे यकीन है कि यह बहुत सारे ओलंपिक और एशियाई खेलों के जिमनास्ट तैयार करेगा। मैं इस केंद्र के निर्माण और एथलीटों के लिए खेल संस्कृति बनाने के लिए ओडिशा सरकार को भी धन्यवाद देना चाहती हूं।

रेलवे की प्रणति दास (47.00) और स्वास्तिका गांगुली (45.30) ऑल–अराउंड में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। प्रणति ने वॉल्ट पर 12.80, अनइवन बार्स पर 10.60, बैलेंस बीम पर 11.50 और फ्लोर एक्सरसाइज पर 12.10 रिकॉर्ड किए, जबकि उनकी टीम की साथी स्वास्तिका ने वॉल्ट पर 12.80, अनइवन बार्स पर 9.15, बैलेंस बीम पर 11.70 और फ्लोर एक्सरसाइज पर 11.65 अंक हासिल किए।

जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338